# प्रश्न बैंक

सत्र - 2022-23

## विषय—पर्यावरण
## कक्षा — चौथी



राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़

**प्रकाशन वर्ष 2022–23**

**संरक्षक**

राजेश सिंह राणा 'IAS'
संचालक, SCERT

**मार्गदर्शक**

डॉ.योगेश शिवहरे अतिरिक्त संचालक, SCERT,
डॉ.निशी भाम्बरी संयुक्त संचालक, SCERT

**संयोजक**

श्रीमती दिव्या क्लारेट लकरा, प्राध्यापक
श्रीमती कौशिल्या खुटे, श्रीमती लीना नेमपांडे

**विशेष सहयोग**

डॉ.विद्यावती चन्द्राकर

**विषय विशेषज्ञ**

श्री के.के.शुक्ला

**लेखन**

कविता देवागंन, चचंल शुक्ला

**टंकण**

समृद्धि

**आवरण**

सुधीर कुमार वैष्णव

---

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़
शंकर नगर, रायपुर

## आमुख

वर्तमान में शालाओं में आकलन की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावशाली बनाने तथा शिक्षकों और छात्रों में विषयों की समझ को अधिक विकसित करने से लिए अच्छे प्रश्नों का निर्माण होना आवश्यक है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए SCERT द्वारा पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया है। प्रश्न बैंक के माध्यम से शिक्षण अधिगम संबंधी उद्देश्यों की पूर्ति की जा सकती है। शिक्षक इसका उपयोग पढ़ाने, परीक्षा लेने तथा छात्र स्वआकलन के लिए कर सकते है।

बच्चों में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को (सम्पूर्ण पाठ्यक्रम) पूर्ण किया जाना है। इसी आधार पर कक्षा 1 से 8 के लिए कक्षावार विषयवार प्रश्न बैंक का निर्माण किया गया। निर्मित **'प्रश्न बैंक'** में कक्षा के अधिगम स्तर का ध्यान रखा गया है तथा सम्पूर्ण पाठ से प्रश्न निकाले गए हैं, प्रश्नों को वस्तुनिष्ठ, अतिलघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय क्रम में रखा गया।

सृजित **'प्रश्न बैंक'** में समाहित प्रश्न ज्ञानात्मक, समझ, अनुप्रयोग, विशलेषण आधारित है एवं विद्यार्थियों के स्तरानुरूप हैं। यह **'प्रश्न बैंक'** अध्ययन अध्यापन में अन्यन्त महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके द्वारा विद्यार्थियों के अपेक्षित कौशलों के विकास को जांचा-परखा जा सकेगा और पाठ्यपुस्तक में वर्णित अवधारणाओं को समझने के सरलता होगी। इन प्रश्नों के माध्यम से बच्चे स्वयं को सक्रिय रख पाएँगे तथा बच्चों में स्वयं करके सीखने, अपने परिवेश को समझने, तर्क करने, चिंतन करने, अपने अनुभवों की अभिव्यक्ति आदि गुणों का विकास हो सकेगा। इस **'प्रश्न बैंक'** के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशलों के विकास के साथ विषय-वस्तु की समझ विकसित होगी। शिक्षकों को यह 'प्रश्न बैंक' विषयवस्तु को सरल एवं विकसित करने में उनकी मदद करेगा।

यह **'प्रश्न बैंक'** शिक्षकों एवं छात्रों के लिए उपयोगी है शिक्षकों से आग्रह है कि 'प्रश्न बैंक' का अध्ययन कर इनकी उपयोगिता सुनिश्चित करें।

**संचालक**

**एस.सी.ई.आर.टी.,छ.ग.,रायपुर**

# विषय सूची


| अध्याय क्रं | नाम | पृष्ठ क्रमांक |
|---|---|---|
| 1. | रिश्ते-नाते | 1-4 |
| 2. | दाँत | 5-8 |
| 3. | पानी रे पानी | 9-14 |
| 4. | हवा के करतब | 15-19 |
| 5. | श्वसन | 20-23 |
| 6. | नाव चली भई नाव चली | 24-27 |
| 7. | दिल की धड़कन | 28-31 |
| 8. | दिशाओं का चक्कर | 32-36 |
| 9. | पानी की खासियत | 37-41 |
| 10. | आस-पास के पेड़ पौधे | 42-47 |
| 11. | छत्तीसगढ़ की फसल-धान | 48-50 |
| 12. | रोटी की कहानी | 51-54 |
| 13. | मौसम | 55-59 |
| 14. | मैने नक्शा बनाया | 60-62 |
| 15. | आग | 63-65 |
| 16. | कौन मिलेगा कहाँ | 66-69 |

| | | |
|---|---|---|
| 17. | आजाद ने नक्शा बनाया | 70-71 |
| 18. | रामगढ़ की गुफाएँ | 72-75 |
| 19. | कपड़े कैसे-कैसे | 76-81 |
| 20. | तरह-तरह के घर | 82-84 |
| 21. | चित्रों की बात | 85-86 |
| 22. | आवाज | 87-89 |
| 23. | पालतू जानवर | 90-93 |
| 24. | नक्शा और माप | 94-96 |
| 25. | फ़ुटबॉल | 97-98 |

----0 0 0 0----

**पाठ - 1**

# रिश्ते – नाते

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

प्रश्न 1. मां की बहन को क्या कहते है ?

(अ) बुआ (ब) दीदी

(स) मौसी (द) मामी

उत्तर - (स) मौसी (स्तर) – 1

प्रश्न 2. वधु के भाई से वर का क्या रिश्ता होगा ?

(अ) भांजा (ब) भतीजा

(स) बहनोई (द) साला

उत्तर - (द) साला (स्तर) – 2

प्रश्न 3. तुम्हारे चाचा के भाई की बहन तुम्हारी क्या लगेगी ?

(अ) बहन (ब) बुआ

(स) मां (द) चाची

उत्तर - (ब) बुआ (स्तर) – 2

प्रश्न 4. बच्चे के जन्म से परिवार संख्या में क्या बदलाव होता हे ?

(अ) बढ़ता है (ब) घटता है

(स) न बढ़ता है (द) न घटता है

उत्तर - (ब) बढ़ता है (स्तर) – 2

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 5. तुम्हारे मामी का बेटा तुम्हारा क्या लगेगा ?

उत्तर - ममेरा भाई (level 1)

प्रश्न 6. परिवार में सदस्यों की संख्या में बदलाव कब – कब होता है ?

उत्तर - शादी, जन्म, मृत्यु से

प्रश्न 7. शादी के बाद कौन – कौन से नए रिश्ते बनते हे ?

उत्तर - चाची, मामी, फूफा, जीजा, भाभी आदि (level 2)

प्रश्न 8. मां से संबंधित रिश्तो के नाम लिखो ?

उत्तर - मामा, मौसी, नाना, नानी (level 2)

प्रश्न 9. सुमन की दादी के पोते से सुमन का क्या रिश्ता है ?

उत्तर - भाई (level 4)

**लघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 10. तुम्हारे घर में किसी बच्चे के जन्म के कारण बने नये रिश्तो के नाम लिखो ?

उत्तर - मां, पापा, चाचा, चाची, दादा, दादी, आदि (level – 2)

प्रश्न 11. निम्न से तुम्हारा रिश्ता क्या होगा ?

(1) मामा के बेटे से - ________

(2) बुआ के बेटे से - ________

(3) चाचा की बेटी से – ________

उत्तर - (1) ममेरा भाई (2) फुफेरा भाई (3) चचेरी बहन (level – 3)

प्रश्न 12. पिता से संबंधित कोई – 6 रिश्तो के नाम लिखो ?

उत्तर - चाचा – चाची , बुआ – फूफा , दादा – दादी आदि (level – 2)

प्रश्न 13. पिताजी के बदली दूसरे शहर में होने के कारण मीनू के परिवार में क्या बदलेगा ?

उत्तर - (1) मीनू नए स्कूल में पढ़ेगी

(2) मीनू के नए दोस्त बनेंगे (level – 1)

प्रश्न 14. अपने परीवार के सदस्यों को एक वृक्ष के रूप में बनाइये ?

उत्तर - [level - 4]

## दीर्ध उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 15. इन सभी से तुम्हारा क्या रिश्ता होगा ?

| संबंध | रिश्ता |
|---|---|
| दादा | _____ |
| मामा | _____ |
| चाचा | _____ |
| पिता | _____ |
| बहन | _____ |

उत्तर -

| संबंध | रिश्ता |
|---|---|
| दादा | _____ |
| मामा | _____ |
| चाचा | _____ |
| पिता | _____ |
| बहन | _____ |

प्रश्न 17. निम्न वर्ग पहेली में संबंधो को खोजो –

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | प | ला | मा | सा | पि | जी | ता |
| चे | सा | मा | दा | प | ता | ला | च |
| री | सा | मा | दा | पा | भा | क | बू |
| ब | ह | च | भा | सा | ई | मा | ला |
| ह | बु | आ | त | पा | ला | मी | मा |
| न | रा | पा | ना | च | स | ची | जी |
| चे | म | प | मे | मौ | त | ई | जा |
| स | ल | ह | भा | रा | सी | ब | न |

उत्तर - चचेरी बहन , साला , जीजा , बुआ , मौसी , दादा , भाई , पिता , मामी , मामा

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| च | प | ला | मा | सा | पि | जी | ता |
| चे | सा | मा | दा | प | ता | ला | च |
| री | सा | मा | दा | पा | भा | क | बू |
| ब | ह | च | भा | सा | ई | मा | ला |
| ह | बु | आ | त | पा | ला | मी | मा |
| न | रा | पा | ना | च | स | ची | जी |
| चे | म | प | मे | मौ | त | ई | जा |
| स | ल | ह | भा | रा | सी | ब | न |

## पाठ - 2

## दाँत

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

प्रश्न 1. बचपन में गिरने वाले दाँत को क्या कहते है ?

(अ) स्थायी दाँत (ब) अस्थायी दाँत

(स) नियमित (द) अनियमित

उत्तर - (ब) अस्थायी दाँत (level -1)

प्रश्न 2. चीरने के लिए कौन से दाँत काम आते है ?

(अ) आगे के (ब) बीच के

(स) पीछे के (द) कोई नही

उत्तेर - (ब) बीच के (level -2)

प्रश्न 3. बड़े व्यक्तियों में दाँतो की संख्या होती है –

(अ) 30 (ब) 31

(स) 32 (द) 33

उत्तर - (स) 32 (level -3)

प्रश्न 4. हम अपने दाँतो की सफाई क्यों करते है।

(अ) गंदगी से बचाने के लिये (ब) कीड़े – मकोड़े से साफ़ रखने के लिये

(स) दुर्गन्ध से बचाने के लिये (द) उपरोक्त सभी।

उत्तर - (द) उपरोक्त सभी (level -3)

प्रश्न 5. इनमे से कौन से शब्द का बोलने पर जीभ दाँतो को छूती है ?

(अ) मामा (ब) भैया

(स) दादा (द) पापा

उत्तर - (स) दादा (level -4)

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न 6. दूध के दाँत आमतौर पर किस उम्र तक गिर जाते है ?

उत्तर - दूध के दाँत आमतौर पर 12 – 13 साल की उम्र तक गिर जाते है। (level -2)

प्रश्न 7. दाँत कितने प्रकार के होते है ?

उत्तर - दाँत दो प्रकार के होते है -

(1) अस्थायी दाँत (2) स्थायी दाँत (level -1)

प्रश्न 8. चबाने का काम कौन – से दाँत से करते है ?

उत्तर - चबाने का काम पीछे के दाँतो से करते है। (level -2)

प्रश्न 9. यदि हमारे दाँत नही होंगे तो क्या होगा ?

उत्तर - यदि हमारे दाँत नही होंगे तो हम भोजन को चबाने, काटने, चीरने आदि का काम नही कर पायेंगे। (level -2)

प्रश्न 10. एसे दो शब्द लिखो जिसे बोलने पर जीभ दाँतो को छूती है ?

उत्तर - दाद , तार (level -3)

**लघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 11. हमे दाँतो की सफाई प्रतिदिन क्यों करना चाहिए ?

उत्तर - (1) दुर्गन्ध से बचाने के लिए।

(2) कीटाणुओ से रक्षा करने के लिए।


(3) गंदगी व पीलापन दूर करने के लिए। (level -1)

प्रश्न 12. दाँतो में दर्द क्यों होता है ?

उत्तर - दाँतो की सफाई न करना, पीला पड़ना, सड़ना, कीटाणुओ के कारण दाँतो में दर्द होता है एवं वह कमज़ोर पड़ जाता है। (level -2)

प्रश्न 13. दाँत का चित्र बनाइये।

उत्तर - (level -3)



प्रश्न 14. स्थायी वा अस्थायी दाँतो में क्या अंतर या विभिन्नता है ?

उत्तर - बचपन में उगने वाले दाँत को अस्थायी दाँत या दूध के दाँत कहते है। ये 12 से 13 साल की उम्र तक गिर जाते है जबकि स्थायी दाँत अस्थायी दाँत के गिरने के बाद आते है। (level -3)

प्रश्न 15. यदि हमारे दाँत नही होंगे तो हमे क्या - क्या परेशानिया होंगी ?

उत्तर - (1) काटने, चबाने, खाने, में परेशानी।

(2) बोलने में भी परेशानी।

(3) चेहरे की बनावट बदल जायगी। (level -4)

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 16. आप अपने दाँतो की सफाई किन – किन वस्तुओ व तरीके से करते है ?

उत्तर - (1) सुबह वा शाम को ब्रश करके।

(2) टूथपेस्ट , पावडर आदि से।

(3) नमक वा सोडा से।

(4) दातौन ( नीम, जाम, बबुल ) से।

(5) हल्दी , लौंग का तेल आदि लगाकर कीटाणुओ से बचाते है। (level -2)

प्रश्न 17. ऊपरी और निचले जबड़ो में कितने दाँत होते है । चित्र दुवारा समझाइये ?

उत्तर - ऊपरी जबड़े में 16 दाँत निचले जबड़े में 16 दाँत होते है । (level -6)



## पाठ - 3

## पानी रे पानी

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न 1. पानी का उपयोग किन – किन कामो में होता है ?

(अ) पीने व खाना बनाने में (ब) पशुओ को पिलाने में

(स) घर बनाने में (द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द) उपरोक्त सभी (level -1)

प्रश्न 2. हम पानी को बचा सकते है ?

(अ) नल खुला छोडकर (ब) पानी को पौधों में डालकर

(स) पानी का अधिक खर्च करके (द) पानी को फेंक कर

उत्तर - (ब) पानी को पौधों में डालकर (level -2)

प्रश्न 3. यदि हमें पानी नही मिलेगा तो क्या होगा ?

(अ) हम बीमार पड़ जायेंगे (ब) हम गीले हो जायेंगे

(स) हम प्यास से मर जायेंगे (द) हमें कुछ नही होगा

उत्तर - (स) हम प्यास से मर जायेंगे (level -3)

प्रश्न 4.



उपरोक्त चित्र क्या दर्शाता है -

(अ) बरसात का होना (ब) घर का निर्माण

(स) गड्ढे का निर्माण (द) वर्षा जल संग्रहण

उत्तर - (द) वर्षा जल संग्रहण (level -4)

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 5. गंदा पानी पीने से कौन – कौन सी बीमारियाँ होती है ?

उत्तर - हैजा, पेचिस, टायफाइड आदि। (level -1)

प्रश्न 6. पानी बचाने के दो उपाय लिखो

उत्तर - (1) पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार करके

(2) पानी को पौधो में डालकर (level -2)

प्रश्न 7. आपके गांव में पानी के कौन – कौन से स्त्रोत है ?

उत्तर - हैंडपंप, तालाब, बोर, कुंआ आदि। (level -3)

प्रश्न 8. पानी को कैसे साफ़ किया जा सकता है ?

उत्तर - पानी को उबालकर , फिटकरी या लाल दवा डालकर , पानी को छानकर (level -4)

**लघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 9. ऐसे तीन पौधो के नाम लिखो जो पानी में ही उगते है ?

उत्तर - कमल, जल कुंभी, जलीय पौधा (level -1)

प्रश्न 10. पीने का पानी हमेशा साफ़ होना चाहिए क्यों ?

उत्तर - पीने का पानी हमेशा साफ़ इसलिए होना चाहिए –

(1) बीमारियों से बचा जा सके।

(2) गंदगी व कीटाणुओं से दूर रखने के लिए। (level -2)

प्रश्न 11. नीचे दी गई सारणी में व्यक्ति पानी का उपयोग कैसे करते है :- (Level-3)

| | व्यक्ति | उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | किसान | |
| 2 | राज मिस्त्री | |
| 3 | बच्चा | |

उत्तर -


| | व्यक्ति | उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | किसान | खेती में |
| 2 | राज मिस्त्री | घर बनाने में |
| 3 | बच्चा | पीने नहाने , आदि |

प्रश्न 12. पानी के किन्ही दो स्त्रोंतो का चित्र बनाकर नाम लिखिये ? (level -4)

उत्तर -



कुंआ



तालाब

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 13. वर्षा जल संग्रहण कैसे किया जा सकता है। [Level – 2]

उत्तर - वर्षा के जल को एकत्र कर उसको आवश्यकता के अनुसार उपयोग करना ही वर्षा जल संग्रहण कहलाता है। संग्रहण के लिये मकान की छत पर गिरने वाले वर्षा के जल को पाइप से भूमि में खोदे गए गड्ढे में डालते है। गड्ढे का तल कच्चा होता है, जिस पर गिट्टी, रेत की परत डालते है। जो जल के लिये छन्ने का काम करती है। यही जल रिसकर भूमि में चला जाता है और उसका उपयोग नलकूप या हैंडपंप द्वारा किया जा सकता है।

प्रश्न 14. पीने के पानी के स्त्रोतों के आसपास फैले गंदगी के कारणों को लिखे एवं उसके बचाव के कोई तीन उपाय लिखो। [ Level – 3 ]

उत्तर - पानी के स्त्रोतों के आसपास फैली गंदगी पानी के जमाव के कारण होती है। जिसमे मच्छर व अन्य

कीड़े - मकोड़े पनपते है। इनके बचाव के उपाय –

1. व्यर्थ पानी को नाली या अन्य माध्यम से पौधों की सिंचाई के लिये उपयोग किया जाए।

2. आस-पास की सफाई प्रतिदिन हो जिससे उसमें किसी भी प्रकार के कीड़े – मकोड़े ना पनपे।

3. पानी के स्त्रोतों के आसपास फिनाइल, ब्लीचिंग पावडर आदि का छिड़काव करते रहे।

प्रश्न 15. दी गई वर्ग पहेली में पानी से संबंधित शब्दों को बताइए। [ Level – 4 ]

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | र्षा | ज | ल | सं | ग्र | ह | ण | क | कुं |
| च | म | र्षा | है | दी | आ | ला | र | प | आ |
| न | म | ह | म | पे | चि | श | ह | ग्र | प |
| ल | ही | प | कू | ल | प | ता | टा | ण | हे |
| कु | न | पं | ज | श | हैं | ला | य | फा | ली |
| प | ड | टा | दी | चि | ड | म | फा | न | म |
| क | र | है | प | पे | पं | फा | इ | ड | दी |
| मा | फै | जा | दी | सं | प | चा | ड | क | ह |
| व | ज | पं | स्लो | बं | क | च | ड | म | र |
| ता | ता | ला | ब | ध | है | मा | न | ह | र |

उत्तर -

1. वर्षा जल संग्रहण
2. कुंआ
3. पेचिश
4. नलकूप
5. नदी
6. टायफाइड
7. हैण्डपंप
8. हैजा
9. नहर
10. तालाब

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | र्षा | ज | ल | सं | ग्र | ह | ण | क | कुं |
| च | म | र्षा | है | दी | आ | ला | र | प | आ |
| न | म | ह | म | पे | चि | श | ह | ग्र | प |
| ल | ही | प | कू | ल | प | ता | टा | ण | हे |
| कु | न | पं | ज | श | हैं | ला | य | फा | ली |
| प | ड | टा | दी | चि | ड | म | फा | न | म |
| क | र | है | प | पे | पं | फा | इ | ड | दी |
| मा | फै | जा | दी | सं | प | चा | ड | क | ह |
| व | ज | पं | स्लो | बं | क | च | ड | म | र |
| ता | ता | ला | ब | ध | है | मा | न | ह | र |

प्रश्न 16. पानी के किन्ही पॉच स्त्रोंतो के नाम लिखकर उसका उपयोग दी गई सारणी के आधार पर लिखो।

(Level-2)

| क्र | पानी के स्त्रोत | उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |

उत्तर -

| क्र | पानी के स्त्रोत | उपयोग |
|---|---|---|
| 1 | तालाब | नहानेपशुओं को , नहलाने |
| 2 | नदी | सिंचाईपीने का , पानी |
| 3 | नल | पीने का पानी |
| 4 | नहर | खेतों में सिंचाई |
| 5 | नलकूप | घर में संपूर्ण कार्यो के लिये |

## पाठ - 4

## हवा के करतब

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न**

प्रश्न 1. इनमें से हवा से चलने वाला खिलौना कौन-सा है ?

(अ) सीटी (ब) घंटी

(स) ड्रम (द) बाजा

उत्तर - (अ) सीटी [level - 1]

प्रश्न 2. पौधों की पत्तियाँ और डालियाँ क्यों हिलती है ?

(अ) पानी से (ब) मिट्टी से

(स) हवा से (द) आग से

उत्तर - (स) हवा से [level - 2]

प्रश्न 3. हवा हमारे आसपास मौजूद है। इसका पता हमें कैसे चलेगा।

(अ) देख कर (ब) छू कर

(स) पकड़कर (द) महसूस कर

उत्तर - (द) महसूस कर [level – 3]

प्रश्न 4. यदि हवा नही होगी तो क्या होगा –

(अ) हमें गर्मी लगेगी

(ब) हम सांस नही ले पायेंगे

(स) पौधें अपना कार्य नहीं कर पायेंगे

(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द) उपरोक्त सभी [level - 4]

**अति लघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 5. हवा के कोई दो उपयोग लिखो

उत्तर - 1. सांस लेने में

2. पतंग उड़ाने में [level -1]

प्रश्न 6. हवा से संबंधित दो खेलों के नाम लिखो

उत्तर - 1. पतंग उड़ाना


2. फुग्गा (गुब्बारा) फुलाना [level -1]

प्रश्न 7. पानी से भरे हुये बाल्टी में जब खाली मग डुबाते हैं तो क्या होता है ?

उत्तर - खाली मग नही डूबता क्योंकि कोई भी वस्तु खाली नही होती, उसमें हवा भरा होता है।

[level -3]

प्रश्न 8.



दिये गये पैराशूट में यदि छेद कर दें तो क्या होगा ?

उत्तर - छेद करने से उसके अंदर भरी हवा बाहर निकल जायेगी और पैराशुट नही उड़ पायेगा।

[level -4]

**लघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 9. ऐसी कोई तीन बाते लिखो जिससे हवा के होने का पता चलता है।

उत्तर - 1. पेड़ो की पत्तियाँ हिलने लगती है।

2. पसीना सुख जाता है।

3. ठंडक महसूस होती हैं। [level -1]

प्रश्न 10. साइकिल में हवा का उपयोग किस प्रकार होता है।

उत्तर - साइकिल में हवा ट्यूब में भरा जाता है। जो चक्के और साइकिल सवार दोनों को आगे बढ़ाता है। यदि साइकिल के ट्यूब में हवा न हो तो वह वजन नही उठा पायेगी और आगे भी नही बढ़ेगी।

[level -2]

प्रश्न 11. यदि हवा न हो तो क्या होगा।

उत्तर - यदि हवा न हो तो हम सभी सांस नही ले पायेंगे और सभी मर जायेंगे। पेड़-पौधे, जीव-जंतु सभी जीवित नही रह पायेंगे। [level -3]

प्रश्न 12. हवा से चलने वाले दो चीजों के चित्र बनाकर नाम लिखो।

उत्तर -



बांसुरी



शहनाई

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 13. निम्न स्थानों में होने वाले हवा के प्रयोग को लिखो।

| | स्थान | हवा के प्रयोग |
|---|---|---|
| .1 | रसोई घर में | |
| .2 | घरों में | |
| .3 | आकाश में | |
| .4 | बगीचों में | |
| .5 | तालाब के पास | |

उत्तर -

| | स्थान | हवा के प्रयोग |
|---|---|---|
| .1 | रसोई घर में | कुकर |
| .2 | घरों में | कूलरपंखा , |
| .3 | आकाश में | हवाई जहाजपतंग , |
| .4 | बगीचों में | पेड़झुला ,पौधों के लिये- |
| .5 | तालाब के पास | पानी की लहर तेज हो जायेगी |

प्रश्न 14. हवा किसी वस्तु को एक स्थान से दूसरे स्थान तक किस प्रकार ले जा सकती है। उदहारण अथवा प्रयोग द्वारा समझाये।

उत्तर - [level -3]



प्रश्न 15. हवा गर्मी पाकर फैलती है, प्रयोग द्वारा समझाइये।

उत्तर - [level - 4]



प्रश्न 16. हवा हमारे लिये क्यों जरूरी है ? पाँच कारण लिखो।

उत्तर - 1. हवा से हम सांस लेते है।

2. पेड़-पौधे, जीव जंतु जीवित रहते है।

3. हमारे शरीर से गंदगी हवा के रूप में भी बाहर निकल जाती है।

4. हमारा जीवन हवा पर ही निर्भर है।

5. विभिन्न प्रकार के घरेलू कार्य जैसे कपड़ा सुखाना आदि के लिये। [level - 2]

**पाठ – 5**

**श्वसन**

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

प्रश्न 1. हम अपने शरीर के किस अंग से साँस लेते है?

(अ) नाक (ब) कान

(स) आंख (द) गला

उत्तर - (ब) नाक

प्रश्न 2. साँस लेने और छोड़ने की घटना को क्या कहते हैं ?

(अ) दहन (ब) गलन

(स) श्वसन (द) पाचन

उत्तर - (स) श्वसन

प्रश्न 3. तेजी से दौड़ने पर हमारे शरीर की धड़कन कैसी होती है ?

(अ) घट जाती है। (ब) बढ़ जाती है।

(स) कुछ नहीं होती। (द) थोड़ा कम हो जाती है।

उत्तर - (ब) बढ़ जाती है।

प्रश्न 4.



उपरोक्त चित्र को देखकर बताइये की बच्चे के नाक व मुँह से साँस के साथ कौन से मौसम में क्या निकल रहा है ?

(अ) गर्मी में भाप　　　　(ब) बरसात में पानी

(स) ठंडी में बर्फ　　　　(द) सर्दियों में वाष्प

उत्तर - (द) सर्दियों में वाष्प

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. श्वसन किसे कहते है ?

उत्तर - साँस लेने और छोड़ने की क्रिया को श्वसन कहते हैं।

प्रश्न 2. जोर से साँस अंदर खींचने पर सीना क्यों फुल जाता है ?

उत्तर - जोर से साँस अंदर खींचने पर हवा/साँस फेफड़ो में भर जाती है इसलिये सीना फुल जाता है।

प्रश्न 3. कोई दो परिस्थितियाँ लिखो जिसमें साँस तेज हो जाती है।

उत्तर - 1. दौड़ने पर　　　　2. रस्सी कूदने पर

प्रश्न 4. साँस रोकने पर तुम्हें कैसा महसूस होता है ?

उत्तर - साँस रोकने पर हमें घुटन जैसा महसूस होता है, और बेचैनी होती है।

**लघु उत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. जब हम साँस लेते है और छोड़ते है तो हमारे सीने पर क्या असर होता है?

उत्तर - जब हम साँस लेते है तो हमारा सीना फुल जाता है और जब हम साँस छोड़ते हैं तो सीने से हवा निकलने के कारण वह पिचक जाता है।

प्रश्न 2. दौड़ने या रस्सी कूदने से हमारी श्वसन संख्या क्यों बढ़ जाती है ?

उत्तर - दौड़ते या काम करते समय हमारी श्वसन की संख्या बढ़ जाती है, क्योंकि दौड़ते समय हम अधिक हवा को अंदर खींचते है जिससे फेफड़ा जल्दी – जल्दी फूलता है। जैसे ही जल्दी-जल्दी हवा निकलती है। हमें अधिक हवा या आक्सीजन की आवश्यकता होती है जिससे बार-बार साँस लेना होता है, जिससे संख्या बढ़ जाती है।

प्रश्न 3. निम्न वर्ग पहेली में श्वसन से संबंधित पाँच शब्दों को ढूंढो।


| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ड़ा | ह | श्व | ले | धूँ | प |
| फे | श्व | स | न | प | साँ |
| फ | स | र | हा | हा | स |
| ड़ा | म | ह | म | ड़ | ले |
| ल | य | वा | र | ग | ना |
| प | ना | च | धूँ | आ | प |

उत्तर -

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ड़ा | ह | श्व | ले | धूँ | प |
| फे | श्व | स | न | प | साँ |
| फ | स | र | हा | हा | स |
| ड़ा | म | ह | म | ड़ | ले |
| ल | य | वा | र | ग | ना |
| प | ना | च | धूँ | आ | प |

1. फेफड़ा 2. श्वसन 3. साँस लेना 4. हवा 5. धुँआ

प्रश्न 4.




उपरोक्त ग्राफ में कुछ बच्चो की विभिन्न गतिविधियों के दौरान प्राप्त हो  ने वाली संख्या व श्वसन का स्तर दिखाई दे रहा है। इसके आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो –

प्रश्न 1. सबसे धीमी श्वसन संख्या कितने बच्चों की है ?

उत्तर - 20

प्रश्न 2. वे कौन-सी गतिविधि कर रहें है ?

उत्तर - सोना

प्रश्न 3. सबसे तेज श्वसन संख्या कितने बच्चों की है ?

उत्तर - 5

प्रश्न 4. 15 बच्चे कौन सी गतिविधि कर रहे हैं ?

उत्तर - चलना

प्रश्न 5. रस्सी कितने बच्चे कूद रहे हैं ?

उत्तर - 10

## पाठ – 6

## नाव चली भई नाव चली

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

प्रश्न 1. नाव चलाने वाले को क्या कहते है ?

(अ) सेवक (ब) नाविक

(स) मालिक (द) सैनिक

उत्तर - (ब) नाविक

प्रश्न 2. नाव चलाने के लिए उपयोग किये गये डंडे को कहते है –

(अ) सलवार (ब) तलवार

(स) पतवार (द) मछ्वार

उत्तर - (स) पतवार

प्रश्न 3. आधुनिक बड़े नाव को कहते है –

(अ) नौका (ब) नाव

(स) डोंगा (द) जहाज

उत्तर - (द) जहाज

प्रश्न 4. नाव पानी में आगे कैसे बढ़ती है –

(अ) पानी की दिशा के साथ

(ब) चप्पू (पतवार) चलाने पर

(स) हवा की दिशा के साथ

(द) उपरोक्त सभी

उत्तर - (द) उपरोक्त सभी

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. नदी पार करने के लिए किन – किन साधनों का उपयोग किया जाता है ?

उत्तर - नाव, जहाज, आदि।

प्रश्न 2. नाविक किसे कहते है ?

उत्तर - नाविक नाव चलाने वाले को कहते है।

प्रश्न 3. नाव चलाते समय नाविक जो लकड़ी का डंडा पकड़ता है, उसे क्या कहते है?

उत्तर - लकड़ी का जो डंडा होता है, उसे पतवार कहते है।

प्रश्न 4. पतवार को कैसे उपयोग में लाया जाता है ?

उत्तर - पतवार को नाव को आगे बढ़ाने के काम में लाया जाता है।

**लघुत्तरीय प्रश्नः-**

प्रश्न 1. पुराने समय में नाव किससे बनायी जाती थी ?

उत्तर - पुराने समय में नाव लकड़ी के तनों को खोखला करके, बाँस को जोड़कर बनायी जाती थी।


प्रश्न 2. आज के नाव और पुराने समय की नाव में क्या अंतर है ?

उत्तर - पुराने समय की नाव को लकड़ी के तनों व बाँस आदि से बनाया जाता था, और आज के नाव को लकड़ी, लोहे आदि से व्यवस्थित रूप से बनाया जाता है।

प्रश्न 3. यदि नाव या पानी जहाज नही होते तो क्या – क्या कठिनाईयां होती ?

उत्तर - यदि नाव या पानी जहाज नही होते तो नदी या समुद्र के आर – पार आना - जाना और सामान के आवागमन में परेशानी होती।

प्रश्न 4. एक नाव या पानी जहाज का चित्र बनाइये ?

उत्तर - 

**दीर्घत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. रुके हुये पानी में नाव क्यों नही चलती ?

उत्तर - रुके हुये पानी में नाव नही चलती इसके मुख्य कारण है –

(1) पानी में धारा या लहर का न होना।

(2) धारा और लहर के साथ – साथ पानी में हवा का न होना जिससे नाव को आगे बढ़ने में मदद मिले।

(3) चलते हुये पानी में नाव को चलने की दिशा या गति का पता चलता है, जिससे वह आगे बढ़ जाती है।

प्रश्न 2. पुराने समय व आज के समय के नाव का तुलनात्मक चित्र बनाइये ?

उत्तर - पुराने समय के नाव



आज के समय के नाव



प्रश्न 3. निम्न प्रश्नों के आधार पर पहेलियाँ पूरा करो : -


(1) तीन अक्षर का मेरा नाम उल्टा सीधा एक समान - (3)

(2) पानी का नाम - (2)


(3) पानी में चलने वाला - (3)

(4) नाव खोने का साधन - (4)

(5) पानी में डूबने वाली एक चिड़िया का नाम - (4)




उत्तर -




प्रश्न 4. कागज की नाव बनाने के क्रम को चित्र द्वारा समझाइये ?

उत्तर -



# पाठ – 7

# दिल की धड़कन

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

प्रश्न 1. स्टैथेस्कोप से क्या सुनते है ?

(अ) दिल की धड़कन (ब) माथे की धड़कन

(स) पेट की धड़कन (द) नाड़ी की धड़कन

उत्तर - (अ) दिल की धड़कन

प्रश्न 2. हमारा दिल किस ओर स्थित होता है ?

(अ) ऊपर (ब) नीचें

(स) बायें (द) दाये

उत्तर - (स) बायें

प्रश्न 3. बुखार होने पर दिल की धड़कन कैसी होती है –

(अ) धीमी (ब) तेज

(स) सामान्य (द) अधिक धीमी

उत्तर - (ब) तेज

प्रश्न 4.



उपरोक्त चित्र में किसकी जांच की जा रही है ?

(अ) दिल की धड़कन (ब) पेट की धड़कन

(स) माथे की धड़कन (द) नाड़ी की धड़कन

उत्तर - (द) नाड़ी की धड़कन

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 1. दिल की धड़कन का माप किससे किया जाता है ?

उत्तर - दिल की धड़कन का माप स्टैथेस्कोप से किया जाता है।

प्रश्न 2. जब डर लगता है, तो दिल की धड़कन कैसी हो जाती है ?

उत्तर - जब डर लगता है, तो दिल की धड़कन तेज हो जाती है।

प्रश्न 3. यदि दिल की धड़कन रुक गई तो क्या होगा ?

उत्तर - यदि दिल की धड़कन रुक गई तो मर जायेंगे।

प्रश्न 4. दिल की धड़कन सुनकर डॉक्टर बिमारियों का पता कैसे लगाते है?

उत्तर - दिल की धड़कन सुनकर डॉक्टर पेट और सीने की आवाज सुनकर कुछ बीमारियों का पता लगाते है।

**लघुत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न 1. हमारे शरीर में नाड़ी की धड़कन कहाँ – कहाँ सुनायी देती है ?

उत्तर - (1) कलाई में, (2) कान के पीछे, (3) हथेली में

प्रश्न 2. निम्न तालिका को पूर्ण करो –

| क्र. | धड़कन की स्थिति | काम |
|---|---|---|
| .1 | तेज | |
| .2 | धीमी | |
| .3 | सामान्य | |

उत्तर -

| क्र. | धड़कन की स्थिति | काम |
|---|---|---|
| .1 | तेज | सायकल चलाते पर |
| .2 | धीमी | सोते समय |
| .3 | सामान्य | पढ़ते समय |

प्रश्न 3. नाड़ी की धड़कन से क्या पता लगाया जाता है ?

उत्तर - नाड़ी की धड़कन से उसमें बहने वाले खून की गति/रफ्तार का पता लगाया जाता है। जिससे कम या ज्यादा धड़कन के आधार पर उसका उपाय किया जा सके।

प्रश्न 4. स्टैथेस्कोप का चित्र बनाइये ?

उत्तर -



**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. दौड़ने या कुछ काम करने के बाद हमारे दिल की धड़कन क्यों तेज हो जाती है?

उत्तर - दौड़ने या कुछ काम के बाद हमारे दिल की धड़कन तेज हो जाती है। क्योंकि दौड़ने के दौरान हमारा दिल (हृदय) तेज़ी से कार्य करने लगता है। उसको अधिक पंपिंग करना होता है, इसलिए धड़कन तेज हो जाती है।

प्रश्न 2. कोई पाँच कारण बताइये जिससे दिल की धड़कन तेज हो जाती है ?

उत्तर - (1) दौड़ना (2) साइकिल चलाना (3) डर लगना

(4) पेड़ पर चढ़ना (5) कक्षा के सामने खड़े होना आदि।

प्रश्न 3. अपना स्टैथेस्कोप कैसे बनायेंगे स्टैथेस्कोप बनाने की सामग्री व विधि लिखिये?

उत्तर - स्टैथेस्कोप बनाने की सामग्री –

(1) एक कीप (2) एक गुब्बारा

(3) एक रबर की नली (4) धागा

विधि - सबसे पहले एक कीप लेंगे। उसके ऊपर वाले भाग में गुब्बारे को फैलाकर बांध देंगे। उसके बाद निचले वाले भाग में रबर की एक नली को कसकर धागे से बांध देंगे। हो गया तैयार स्टैथेस्कोप। इसके कीप वाले हिस्से को दिल के पास और रबर की नली को कान से सुनेंगे तो दिल की धड़कन सुनाई देती है।



## पाठ - 8

## दिशाओं का चक्कर

**वश्तुनिष्ट प्रश्न –**

प्रश्न 1. सूर्य कौन से दिशा से निकलता है?

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण

(स) पूर्व (द) पश्चिम

उत्तर – (स) पूर्व [level 1]

प्रश्न 2. नक्शा का उपयोग क्यों करते है?

(अ) पढ़ाई करने के लिए (ब) बात करने के लिए

(स) सामान बनाने के लिए (द) दिशा बताने के लिए

उत्तर – (द) दिशा बताने के लिए [level 2]

प्रश्न 3. सुबह के समय दिशा का ज्ञान कैसे होगा?

(अ) चंद्रमा को देखकर (ब) सूर्य को देखकर

(स) हवा को देखकर (द) तारों को देखकर

उत्तर – (ब) सूर्य को देखकर [level 3]

प्रश्न 4. यदि हम सूर्य की दाये दिशा में खड़े है, तो हम कौन सी दिशा में है-

(अ) पूर्व (ब) पश्चिम

(स) उत्तर (द) दक्षिण

उत्तर – (द) दक्षिण [level 4]

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. चार दिशाओं के नाम लिखो?

उत्तर – उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम। [level 1]

प्रश्न 2. पश्चिम दिशा के दायी ओर कौन सी दिशा होगी?

उत्तर – दक्षिण दिशा। [level 2]

प्रश्न 3. किसी निश्चित स्थान तक पहुँचने के लिए हमें किस साधन की आवश्यकता होती है?

उत्तर – नक्शा एवं दिशा। [level 3]

प्रश्न 4. अपने स्थान से पूर्व की ओर किन्ही दो वस्तुओ के नाम लिखो –

उत्तर – पीपल का पेड़, मंदिर, बच्चे अपनी स्थिति के आधार पर उत्तर लिखेंगे। [level 4]

**लघुउत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. दिशाओ का ज्ञान होना क्यों जरूरी है? कोई तीन कारण लिखिए –

उत्तर – (1) किसी मार्ग / रास्ते को आसानी से पहचानने के लिए।

(2) किसी निश्चित स्थान पर आसानी से पहुँचने के लिए।


(3) किसी स्थान विशेष जैसे मंदिर, बगीचा, स्कूल अस्पताल आदि को खोजने / ढूंढने के लिए। [level 2]

प्रश्न 2. निम्न को पूर्ण करो –

सूर्य हमेशा ________ दिशा से निकलकर ________ दिशा में डूबता है। परंतु ध्रुवतारा हमेशा ________ दिशा में स्थित होता है।

उत्तर – (1) पूर्व (2) पश्चिम (3) उत्तर [level 1]

प्रश्न 3.




(1) चित्र में घर के पूर्व में एक पेड़ बनाओ

(2) घर के दक्षिण में स्कूल बनाओ

(3) घर के उत्तर में नल बनाओ

उत्तर –



प्रश्न 4. अपने घर से आते हुये बाँये एवं दाये तरफ दिखने वाले किन्ही तीन – तीन स्थानों के नाम तालिका में भरो

उत्तर -

| क्र. | बाँये हाथ | दाये हाथ |
|---|---|---|
| .1 | घर | तालाब |
| .2 | मंदिर | खेत |
| .3 | आंगनबाड़ी | गोथान |

[बच्चे अपने अनुसार तालिका भरेंगे]

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –**


प्रश्न 1. आपको दिशाओ का ज्ञान किन – किन माध्यमो से हो सकता है?

उत्तर – (1) सूर्य – हमे सूर्य को देखकर पूर्व दिशा का ज्ञान हो सकता है। उसके आधार पर पीछे दाये व बाये चारो ओर की दिशा तय करेंगे।

(2) ध्रुवतारा – ध्रुवतारे की दिशा उत्तर होती है। यह रात को दिशाओ का ज्ञान कराता है। [level 1]


प्रश्न 2. यदि कोई व्यक्ति उत्तर की ओर मुँह करके खड़ा है और वह अपने बायीं ओर मुड़ता है। तो उसका मुँह कौन सी दिशा में होगा?

उत्तर – यदि कोई व्यक्ति उत्तर की ओर मुँह करके खड़ा है




वह व्यक्ति बायीं ओर मुड़ता है, तो उसका मुँह पश्चिम दिशा में होगा। [level 2]

प्रश्न 3. चित्र को देखकर निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखो –



(1) हैंडपंप कौन सी दिशा में है।

उत्तर – उत्तर दिशा

(2) घर के पूर्व दिशा में क्या है।


उत्तर – उगता हुआ सूर्य और पहाड़

(3) घर के दरवाजे का मुँह कौन सी दिशा की ओर होगा।

उत्तर – पूर्व दिशा की ओर [level 3]

प्रश्न 4. एक गांव का नक्शा बनाईये जहाँ पूर्व दिशा में एक पहाड़ तथा नदी, पश्चिम दिशा में दो घर, उत्तर दिशा में खेत और दक्षिण दिशा में पक्की सड़क हो। [level 4]

उत्तर -



## पाठ - 9

## पानी की खासियत

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

प्रश्न 1. इनमें से पानी में घुलने वाली वस्तु है।

(अ) चॉक (ब) कागज़

(स) दूध (द) रेत

उत्तर – दूध [level 1]

प्रश्न 2. अधिक शक्कर युक्त घोल को कहते है-

(अ) अमृत (ब) नमक

(स) मलाई (द) चाशनी

उत्तर – (द) चाशनी [level 2]

प्रश्न 3. अंडा पानी में कैसे तैरने लगता है।

(अ) पानी में नमक की मात्रा कम होने के कारण

(ब) पानी में नमक की मात्रा अधिक होने के कारण

(स) अंडे का वजन कम होने के कारण

(द) अंडे का वजन अधिक होने के कारण

उत्तर – (ब) पानी में नमक की मात्रा अधिक होने के कारण [level 3]

प्रश्न 4. इनमें से पानी में घुलने के गुणों के आधार पर कौन सा जोड़ा सही है –

(अ) पेन्सिल - चॉक

(ब) शक्कर – रेत

(स) नमक – तेल

(द) हल्दी – कागज़

उत्तर – (अ) पेन्सिल – चॉक [level 4]

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 1. पानी में घुलने वाली दो वस्तुओ के नाम लिखो?

उत्तर – नमक, शक्कर आदि।

प्रश्न 2. पानी में तैरने वाली दो वस्तुओ के नाम लिखो?

उत्तर – रबर, पेन्सिल, मोम।

प्रश्न 3. जिस प्रकार से पानी बहती है वैसे ही और कौन - कौन सी वस्तु है, जो बहती है?

उत्तर – तेल, दूध, चाशनी।

प्रश्न 4. ऐसी कौन – कौन सी चीज़ है, जिसे हम पी सकते है?

उत्तर – दूध, शरबत, रस, चाय आदि।

**लघुउत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. पानी के गुणों को लिखो (कोई 3)

उत्तर – (1) पानी का कोई रंग नही होता।

(2) पानी में कोई गंध नही होती।

(3) पानी में चीजों को घोला जा सकता है।

प्रश्न 2. मृत सागर की क्या विशेषता है?

उत्तर – मृत सागर में खूब सारा नमक घुला हुआ है। जिसके कारण इसमे गिरने वाला कोई भी नही डूबता है। वह तैरने लगता है। जैसे अंडा पानी में तैरना है।


प्रश्न 3. निम्न तालिका को भरो -

| क्र. | वस्तु के नाम | पानी में | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तैरने वाली | घुलने वाली | नही घुलने वाली |
| .1<br>.2 | | | | |


**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 4. अंडे के डूबने और फिर तैरने के प्रयोग का चित्र सहित वर्णन करो - [level 4]

उत्तर – एक अंडा लेंगे इसको पानी से भरे गिलास में धीरे – धीरे डालेंगे। अंडा डूब जाता है।



इसके बाद इसी गिलास के पानी में नमक घोलेंगे। नमक तबतक डालते रहेंगे और घोलते जायेंगे। इसमे नमक तब तक डालेंगे जब तक अंडा ऊपर न आ जाय इससे अंडा तैरने लगेगा।



इस प्रकार नमक की अधिक मात्रा होने के कारण अंडा पानी में तैरने लगता है।

प्रश्न 1. निम्न को पूरा करो –

(1) अधिक शक्कर युक्त घोल - __________

(2) पानी में घुलने वाली वस्तु - __________

(3) पानी में तैरने वाली वस्तु - __________

(4) पानी का गंध - ___________

(5) पानी का रंग - ___________

उत्तर – (1) चाशनी


(2) शक्कर, नमक

(3) प्लास्टिक का चम्मच

(4) गंधहीन

(5) रंगहीन

प्रश्न 2.



उपरोक्त चित्र पानी के जिस गुण को दर्शाती है उसके बारे में लिखो –

उत्तर – चित्र में कटोरी में पानी रखकर धूप में रख दिया गया है। कुछ समय के बाद कटोरी का पानी दिखाई नही देता। पानी का यह गुण भाप बनना या वाष्पीकरण कहलाता है। पानी गर्म होने पर भाप बन जाती है। पानी भाप के रूप में भी पायी जाती है।

प्रश्न 3.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क्क | र | न | न | डा | चू |
| क्क | त | सो | म | क | रा | क |
| क | चू | नी | क | दा | रे | आ |
| सो | स | ना | ब | क्क | त | टा |
| डा | चू | र | श | क्क | र | मै |

उत्तर – चूना, नमक, शक्कर, आटा, सोडा

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| म | क्क | र | न | न | डा | चू |
| क्क | त | सो | म | क | रा | क |
| क | चू | नी | क | दा | रे | आ |
| सो | स | ना | ब | क्क | त | टा |
| डा | चू | र | श | क्क | र | मै |

## पाठ - 10

## आस – पास के पेड़ पौधे

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

प्रश्न 1. जड़ पौधे का कौन सा भाग होता है।

(अ) जमीन के ऊपर (ब) पौधे का ऊपरी भाग

(स) जमीन के नीचे (द) पौधे का बीच का भाग

उत्तर - (स) जमीन के नीचे।

प्रश्न 2. पत्तियों को हरा रंग किसके कारण होता है ?

(अ) हरे रंग के कारण (ब) पानी के कारण

(स) सूर्य के प्रकाश के कारण (द) क्लोरोफील (हरित लवक) के कारण

उत्तर - (द) क्लोरोफील (हरित लवक) के कारण।

प्रश्न 3.



आम की पत्तियों में इनमें से कौन सा गुण नही पाया जाता –

(अ) चिकनी (ब) खुरदुरी

(स) नुकीली (द) लंबी

उत्तर - (ब) खुरदुरी

प्रश्न 4. इनमें से कौन सा कथन सत्य है ?

(अ) अमरुद में एक ही बीज पाया जाता है।

(ब) सदाबहार खुशबु युक्त फूल है।

(स) आम ठंड के मौसम में आता है।

(द) नागफनी कांटेदार पौधा है।

उत्तर - (द) नागफनी कांटेदार पौधा है।

**अतिलघुउत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1. ऐसे पेड़ का नाम लिखो जिसकी जड़े जमीन से बाहर लटकती है ?

उत्तर - बरगद।

प्रश्न 2. दो औषधीय पौधा के नाम लिखो।

उत्तर - नीम, तुलसी।

प्रश्न 3. कौन से पौधे की पत्तियों को हम खाते है ?

उत्तर - तुलसी, भाजी।

प्रश्न 4. छत्तीसगढ़ की एक प्रसिद्ध सब्जी का नाम बताइये जो एक प्रकार का रूपांतरित तना है।

उत्तर - जिमीकंद।

**लघुत्तरीय प्रश्न**

प्रश्न 1. जड़ के कोई तीन कार्य लिखो ?

उत्तर - जड़ के कार्य : -

1. जड़ पौधो को सहारा प्रदान करती है।
2. पानी और खाद को पौधो तक पहुचाती है।
3. पौधों को मजबूती प्रदान करती है।

प्रश्न 2. फूलों के कोई तीन उपयोग उधारण सहित बताईये ?

उत्तर - फूलों के उपयोग : -

माला ,गुलदस्ता एवं फूलों की चादर बनाने में।

2. दवाई बनाने में जैसे (गुड़हल)

3. रंग बनाने में (पलाश का फुल)

प्रश्न 3. किन्ही तीन पत्तियों के गुणों को निम्न तालिका में भरे।

| क्र. | पौधे के नाम | पत्ती के गुण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चिकनी | खुरदुरी | नुकीली | गोल | लंबी |
| .1 | | | | | | |
| .2 | | | | | | |
| .3 | | | | | | |

उत्तर -

| क्र. | पौधे के नाम | पत्ती के गुण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | चिकनी | खुरदुरी | नुकीली | गोल | लंबी |
| .1 | आम | हाँ | नहीं | हाँ | नहीं | हाँ |
| .2 | केला | हाँ | नहीं | नहीं | नहीं | हाँ |
| .3 | पपीता | हाँ | नहीं | नहीं | हाँ | नहीं |

प्रश्न 4. किन्ही तीन पौधों की पत्तियों का चित्र बनाइये।

उत्तर -



पीपल



आम



तुलसी

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 1. पाँच पेड़ो के नाम लिखो।

उत्तर – आम, पीपल, बरगद, कटहल, जाम।

प्रश्न 2. निम्न गुणों के आधार पर पौधों के दो – दो उदाहरण लिखिये।

(1) औषधीय पौधे

(2) फूल वाले पौधे

(3) काटेंदार पौधे

(4) खाने वाली पत्तियों के पौधे


(5) फर्नीचर बनाने वाले पेड़

उत्तर –

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) औषधीय पौधे | - | 1. नीम | 2. तुलसी |
| (2) फुल वाले पौधे | - | 1. गेंदा | 2. मोंगर |
| (3) काटेंदार पौधे | - | 1. नागफनी | 2. गुलाब |
| (4) खाने वाली पत्तियों | - | 1. पालक | 2. मीठी नीम |
| (5) फर्नीचर बनाने वाले पेड़ | - | 1. सागौन | 2. शीशम |

प्रश्न 3.  एक पौधे का चित्र बनाकर उसके अंगो के नाम लिखो –

उत्तर -  पौधे का चित्र



प्रश्न 4. जिन फलों को तुम खाते हो उसको नीचे दिए गये तालिका के आधार पर भरो।

| क्र. | फल का नाम | किस मौसम में आते है | फल का रंग | बीजों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| .1 | | | | |
| .2 | | | | |
| .3 | | | | |
| .4 | | | | |
| .5 | | | | |

उत्तर –

| क्र. | फल का नाम | किस मौसम में आते है | फल का रंग | बीजों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| .1 | आम | गर्मी | पिला /हरा | 1 |
| .2 | संतरा | गर्मी /ठंडी | संतरा | 4-3 |
| .3 | पपीता | ठंडी | पिला | बहुत सारे |
| .4 | सेब | ठंडी | लाल | 4-3 |
| .5 | बेर | ठंडी | लाल /हरा | 1 |

[ बच्चे स्वयं भी अपनी रूचि के अनुसार भर सकते है ]

## पाठ - 11

## छत्तीसगढ़ की फसल – धान

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

प्रश्न 1. छ.ग. की प्रमुख फसल क्या है –

(अ) गेहूँ (ब) चना

(स) उड़द (द) धान

उत्तर – (द) धान

प्रश्न 2. खेत में खाद क्यों डाली जाती है?

(अ) मिट्टी को गीला करने के लिए (ब) मिट्टी को फसल हेतु तैयार करने के लिए

(स) मिट्टी के उपजाऊपन को बढ़ाने के लिए (द) मिट्टी में पौधे लगाने के लिए

उत्तर – (स) मिट्टी के उपजाऊपन को बढ़ाने के लिए।

प्रश्न 3. यह चित्र किस औजार का है?



(अ) हल (ब) हँसिया

(स) रापा (द) कुदाली

उत्तर – (ब) हँसिया

प्रश्न 4. इनमें से कौन सा कथन सही नही है-

(अ) किसान धान को बेचने के लिए मंडी ले जाते है।

(ब) छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहाँ जाता है।

(स) फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने के लिए खाद का छिड़काव किया जाता है।

(द) फसल के साथ उगे अनुपयोगी पौधे खरपतवार कहलाते है।

उत्तर - (स) फसल को कीटों के प्रकोप से बचाने के लिए खाद का छिड़काव किया जाता है।

**अति लघुत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 1. खरपतवार किसे कहते है?

उत्तर - धान की फसल के साथ कुछ अन्य पौधे भी खेत में उग आते है। इन्हे खरपतवार कहते है। [level 1]

प्रश्न 2. खेतो में खाद का छिड़काव क्यों किया जाता है?

उत्तर – खेतो में अच्छी फसल एवं उपजाऊपन को बढ़ाने के लिये खाद का छिडकाव किया जाता है। [level 2]

प्रश्न 3. छत्तीसगढ़ में पैदा होने वाली कोई दो धान की किस्मे के नाम बताओ –

उत्तर – सरना, काली मूंछ, बायसुर, नागकेसर, आल्वा आदि (कोई - 2) [level 3]

प्रश्न 4. धान की फसल को घर लाने के बाद कौन सा उत्सव मनाया जाता है?

उत्तर – नवाखाई [level 4]

**लघुउत्तरीय प्रश्न -**

प्रश्न 1. धान के फसल की क्या विशेषता है?

उत्तर – धान के फसल की विशेषता होती है कि उसके पौधे पानी से भरे खेत में ही वृद्धि करते है क्योंकि ये अधिक पानी में ही उचित प्रकार से बढ़ते है। [level 1]

प्रश्न 2. खरपतवार को खेत से बाहर करना क्यों जरूरी है?

उत्तर – खेत में फसलो के साथ – साथ कुछ अनुपयोगी पौधे उग जाते है, जिन्हें खरपतवार कहते है। यह फसल को बढ़ने में रोकते है इसलिए इन्हे निंदाई करके बाहर कर दिया जाता है।

प्रश्न 3. धान की फसल में लगने वाली कोई तीन बीमारियों के नाम लिखो ?

उत्तर – (1) धान का झोंका

(2) भूरा धब्बा

(3) शीथ ब्लाइत


(4) जिंक की कमी आदि [level 3]

प्रश्न 4. खेती में उपयोग होने वाले किन्ही दो औजारों के चित्र बनाकर नाम लिखिये ?


उत्तर –



________________



________________



________________

## पाठ - 12

## रोटी की कहानी

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-**

प्रश्न 1. खेतो में अनाज उगाने वाले को कहते है ?

(अ) जवान (ब) किसान

(स) पहलवान (द) गाड़ीवान

उत्तर - (ब) किसान

प्रश्न 2. अनाजों कों सबसे पहले बेचा जाता है ?

(अ) दुकान में (ब) स्कूल में

(स) बगीचे में (द) मंडी में

उत्तर - (द) मंडी में।

प्रश्न 3. गेहूँ से बनाने वाले उत्पादों में सही जोड़ा है –

(अ) बेसन, मैदा, आटा (ब) सूजी, बेसन, दलिया

(स) सूजी, मैदा, दलिया (द) सूजी, बेसन, आटा

उत्तर - (स) सूजी, मैदा, दलिया।

प्रश्न 4.



उपरोक्त चित्र को देखकर नीचे दिए गये वाक्यों में से सही को चयन करो।

(अ) रोटी को फुलाया जा रहा है। (ब) रोटी को तोड़ा जा रहा है।

(स) केवल आग जलाया जा रहा है। (द) रोटी को बेला जा रहा है।

उत्तर - (अ) रोटी को बेला जा रहा है।

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 1. गेंहूँ को खेत से ले जाकर कहाँ बेचा जाता है ?

उत्तर - मंडी में।

प्रश्न 2. रोटी किससे बनती है ?

उत्तर - आटे से।

प्रश्न 3. दलिया किससे बनता है ?

उत्तर - गेंहूँ से।

प्रश्न 4. गेंहूँ कौन से मौसम में उगायी जाती है ?

उत्तर - बरसात के बाद ( ठंड के मौसम ) में।

**लघुत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 1. गेंहूँ से बनने वाली किन्ही तीन चीजों के नाम लिखो ?

उत्तर - गेंहूँ से बनने वाली तीन चीजें –

(1) सूजी (2) दलिया (3) मैदा

प्रश्न 2. गेंहूँ की रोटी के अलावा और कौन – कौन सी चीजें बनती है ?

उत्तर - गेंहूँ की रोटी के अलावा और भी अनेक पकवान बनाये जाते है।

जैसे – पुड़ी, खुरमी, हलवा, चिला आदि।

प्रश्न 3. दलिया कैसे बनती है ?

उत्तर - दलिया बनाने की विधि – दलिया को गेंहूँ के बारीक कणों से बना होता है। इसको बनाने के लिए गेंहूँ को मशीन में खुरदुरी पिसा जाता है, और उसे छानकर बारीक कणों के रूप में गेंहूँ के टुकड़े को अलग कर लिया जाता है। यही दलिया कहलाता है।

प्रश्न 4. गेंहूँ की बालियों का चित्र बनाईये –

उत्तर -



**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 1. किन्ही पाँच अनाजों के नाम लिखो ?

उत्तर - गेंहूँ, चावल, ज्वार, मक्का, जौ।

प्रश्न 2. रोटी कैसे फूलती है ?

उत्तर - रोटी आटे से बनती है। आटे को पानी से गुथा जाता है। फिर गुथे हुए आटे की लोई को बेलन के द्वारा गोल – गोल रोटी बनाई जाती है। फिर रोटी को तवे में रखकर आग पर उलट – पलट कर सेंका जाता है। जिससे रोटी फुल जाती है। इसका कारण है उसके अंदर भरी गर्म हवा जो रोटी के दो परत के बीच होती है और उसे फुला देती है।

प्रश्न 3. खेत से हमारे घरो तक रोटी के पहूँचने की प्रक्रिया को अपने शब्दों में लिखो।

उत्तर - सबसे पहले खेतो में गेंहूँ को बोया जाता है। गेंहूँ की फसल जब पूरी तरह से पक जाती है। तब उसे मिंजाई करके खेतों से मंडी तक पहुँचाया जाता है। मंडी में इन अनाजों या गेंहूँ को बेचा जाता है। मंडी से ये गेंहूँ सरकारी गोदाम में पहुँचाया

जाता है। वहाँ से गेंहूँ को फैक्ट्रियो में भेजा जाता है। जहाँ से विभिन्न थोक दुकानों तक पहुँचता है। वहाँ से सामान्य दुकानों में उसके बाद हमारे घरों में पहुँचता है। घरों में गेंहूँ को पिसवाकर आटा बनाकर रोटी बनायी जाती है।

प्रश्न 4. स्कूल में रोजाना मिलने वाली मध्याह्न भोजन में मिलने वाले भोज्य पदार्थो का एक मीनू तैयार करों।

उत्तर - मध्याह्न भोजन मीनू

| | | |
|---|---|---|
| सोमवार | - | चावल, दाल, हरी सब्जी |
| मंगलवार | - | चावल, दाल, चना, अचार, पापड़ |
| बुधवार | - | चावल, दाल, मौसमी, सब्जी |
| गुरुवार | - | चावल, दाल, सोयाबड़ी |
| शुक्रवार | - | चावल, दाल, हरी सब्जी आचार, पापड़ |
| शनिवार | - | चावल, दाल खीर, पुड़ी |

## पाठ - 13

## मौसम

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

प्रश्न 1. बादल कौन से मौसम में आते है : -

(अ) ठंड (ब) गर्मी

(स) वर्षा (द) शरद

उत्तर – (स) वर्षा

प्रश्न 2. दीवाली कौन से मास में आती है : -

(अ) अगहन (ब) कार्तिक

(स) माघ (द) फाल्गुन

उत्तर – (ब) कार्तिक

प्रश्न 3. ठंड के पहले कौन – सा मौसम आता है : -

(अ) बरसात (ब) गर्मी

(स) ठंड (द) पतझड़

उत्तर – (अ) बरसात

प्रश्न 4.



दिया गया चित्र किस यंत्र का है ?

(अ) मौसम सूचक यंत्र (ब) पानी सूचक यंत्र

(स) ताप सूचक यंत्र (द) हवा दिशा सूचक यंत्र

उत्तर – (द) हवा दिशा सूचक यंत्र

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. खाना कौन से मौसम में जल्दी खराब हो जाता है ?

उत्तर – गर्मी के मौसम में

प्रश्न 2. धान की बोवाई कौन से मौसम में की जाती है ?

उत्तर – बरसात के मौसम में

प्रश्न 3. बरसात में होने वाली कोई – दो बीमारियों के नाम लोखो।

उत्तर – पीलिया, मलेरिया, दस्त, कै आदि।

**अति लघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 4.



दिये गये चित्र के बारे में कोई भी 1 वाक्य लिखो।

उत्तर – सूर्य भी निकला हुआ है। चित्र में बच्चा नहा रहा है। यह चित्र गर्मी के मौसम का है।

**लघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. ठंड के मौसम में दिन और रात कैसे – कैसे होते है ?

उत्तर – ठंड के मौसम में दिन छोटी और रातें लंबी और ठंडी होती है।

प्रश्न 2. गर्मी के मौसम में आने वाले अंग्रेजी महीनो के नाम लिखो ?

उत्तर – फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई।

प्रश्न 3. बरसात के मौसम में होने वाली कोई तीन घटनाओं को लिखो।

उत्तर – बिजली चमकना, बादल गरजना, पानी गिरना, नदी – तालाब भरना, किसान का खुश होना, चारो ओर हरियाली हो जाना आदि। ( कोई 3 )

प्रश्न 4. ठंड बरसात और गर्मी के मौसम में उपयोग होने वाले दो – दो वस्तुओं को तालिका में भरो –

| क्र. | मौसम | उपयोग की जाने वाली वस्तुओं |
|---|---|---|
| .1 | बरसात | |
| .2 | ठंड | |
| .3 | गर्मी | |

उत्तर – (1) बरसात – रेनकोट, छाता

(2) ठंड – स्वेटर, शाल

(3) गर्मी – सूती कपड़े, पंखा, कूलर

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न-**

प्रश्न 1. ठंड के मौसम के बारे में पॉच वाक्य लिखो ?

उत्तर – (1) ठंड के मौसम में ठंडी हवा चलती है।

(2) ठंड के मौसम में दिन छोटे और रात लंबी होती है।

(3) ठंड के मौसम में स्वेटर शाल ओढ़ा जाता है।

(4) ठंड में गेंहूँ, चना की बोवाई की जाती है।

(5) ठंड के मौसम में बहुत सारे फल मिलते है।

प्रश्न 2. नीचे मौसम से जुड़ी घटनाएँ दी गई है। इनको ठंड, बरसात और गर्मी के आधार पर तालिका बनाकर लिखो ?

(1) लू का चलना

(2) इंद्र धनुष का बनना

(3) धूप सुहानी लगना

(4) कीचड़

(5) आम पकना

उत्तर -

| बरसात | ठंड | गर्मी |
|---|---|---|
| इंद्र धनुष का बनना | धूप सुहानी लगना | लू का चलना |
| कीचड़ | | आम का पकना |

प्रश्न 3. बरसात के मौसम का चित्र बनाईये ?

उत्तर –



प्रश्न 4. आप हवा दिशा सूचक यंत्र कैसे बनाओगे समझाइये ?

उत्तर – सबसे पहले कॉच की एक बोटल लेंगे जिसमे रबर का एक ढक्कन लगा हो। इसके रबर के ढक्कन में एक खाली रिफिल फँसा देंगे। अब एक मोटे कोरे कागज या ड्राइंग सिट में एक तीर जैसे पट्टी करेंगे। इस तीर को रिफिल में आलपिन की सहायता से लगा देंगे। जो बोटल के बाहरी हिस्से में होगा। अब हवा यंत्र को बाहर हवा के संपर्क में रखेंगे। यह पट्टी हवा का दिशा बता देगी। यही हवा दिशा सूचक यंत्र है।

## पाठ - 14

## मैंने नक्शा बनाया

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

प्रश्न 1. कागज में नक्शा बनाते समय ऊपर की ओर कौन सी दिशा होती है ?

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण

(स) पूर्व (द) पश्चिम

उत्तर – (अ) उत्तर


प्रश्न 2. सूर्य कौन सी दिशा से निकलता है ?

(अ) उत्तर (ब) दक्षिण

(स) पूर्व (द) पश्चिम

उत्तर – (स) पूर्व

प्रश्न 3. नीचे दिये गये संकेतों में घर का संकेत कौन – सा है ?

(अ) 


(ब) 


(स) 


(द) 


उत्तर – (द) 


प्रश्न 4. इनमे से कौन से दिशा तीर का उपयोग कागज में नक्शा बनाने के लिए जायगा।

(अ) 


(ब) 

(स) 


(द) 


उत्तर - (ब) 


**अतिलघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. दिशाओं के नाम लिखो –

उत्तर – उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम

प्रश्न 2. बगीचा का संकेत बनाओ –

उत्तर –



प्रश्न 3. दिन के समय में हम दिशा कैसे पहचानेंगे ?

उत्तर – सूर्य को देखकर

प्रश्न 4. सूर्य कौन सी दिशा से डूबता है?

उत्तर - पश्चिम


**लघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. तुम्हारे घर से स्कूल तक के रास्ते में आने वाले तीन स्थानों के नाम लिखो ?

उत्तर – बाजार, चौक, आंगनबाडी।

प्रश्न 2. एक नक्शा बनाओं जिसमे बीच में छत्तीसगढ़, उत्तर में दिल्ली, दक्षिण में चेन्नई, पूर्व में कोलकाता, और पश्चिम में मुंबई लिखो ?


उत्तर –




प्रश्न 3. निम्न संकेत बनाइये –

(1) घर (2) बगीचा (3) अस्पताल

उत्तर –

(1)  (2)  (3) 

## पाठ - 15

## आग

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

प्रश्न 1. सबसे ज्यादा आग किस मौसम में लगती है –

(अ) बरसात　　(ब) ठंड

(स) गर्मी　　(द) इन उपरोक्त सभी

उत्तर - (स) गर्मी

प्रश्न 2. पुराने समय में आग जलाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है –

(अ) माचिस　　(ब) कपड़ा

(स) घास　　(द) चकमक पत्थर

उत्तर - (द) चकमक पत्थर

प्रश्न 3. इनमे से कौन सी चीज आग से नही जलती –

(अ) कागज　　(ब) मोम

(स) पेट्रोल　　(द) पानी

उत्तर – (द) पानी

प्रश्न 4. इनमे से कौन – सा वाक्य सही है –

(अ) बरसात के दिनों में आग ज़ल्दी लग जाती है।

(ब) माचिस का उपयोग चकमक पत्थर से पहले होता था।

(स) लेंस, सूर्य की किरणों को केन्द्रित करके आग लगा देता है।

(द) पेट्रोल आग से नही जलती।

उत्तर – (स) लेंस, सूर्य की किरणों को केन्द्रित करके आग लगा देती है।

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. आग जलाने के दो तरीके लिखो।

उत्तर – (1) माचिस से

(2) चकमक पत्थर को रगड़कर।

प्रश्न 2. लकड़ी को चूल्हे में जलाते समय उसकी लौ का रंग कैसा होता है ?

उत्तर – लाल, पीला

प्रश्न 3. लोहे की चीजों को बनाने के लिए लोहे को किसमें गर्म किया जाता है ?

उत्तर – भट्टी में

प्रश्न 4. अधजला लकड़ी क्या कहलाता है ?

उत्तर – कोयला

**लघुत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. कोई तीन चीजों के नाम लिखो जो आग से नही जलती।


उत्तर – पत्थर, मिट्टी, पानी, चॉक

प्रश्न 2. चकमक पत्थर से आग कैसे जलाते है ?

उत्तर – चकमक पत्थर से आग पैदा करने के लिए रस्सी या धागे की जरूरत होती है। सूती की रस्सी को चकमक पत्थर से सटाकर रखा जाता है, जिससे उसमे चिंगारी निकलती है, जिससे धागा जल जाती है, और आग लग जाता है।

प्रश्न 3. एक जलती हुई मोम बत्ती का चित्र बनाओं –

उत्तर –



**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-**

प्रश्न 1. सबसे ज्यादा आग किस मौसम में लगती है, क्यों ?

उत्तर – सबसे ज्यादा आग गर्मी के मौसम में लगती है, क्योंकि गर्मी के मौसम में सूर्य की तेज रोशनी के कारण गर्मी अधिक होती है, और सभी वस्तुएँ गर्म होती है, जिससे रगड़ खाकर यह माचिस द्वारा या सॉर्ट सर्किट द्वारा आग लग जाती है। इस मौसम में हवा भी गर्म हो जाती है। जो आग को फैलाने का कार्य करती है।

प्रश्न 2. काँच के लेंस से आग कैसे उत्पन्न की जाती है ?

उत्तर – काँच के लेंस से आग जलाने के लिए एक ऐसा लेंस लेते है, जिसमे कोई छोटी चीज को बड़ा करके देखा जाता है। लेंस को सूरज की ओर करके कागज पर केन्द्रित करते है। केन्द्रित करने का अर्थ यह है कि सूर्य की किरणों एक बिंदु पर कागज पर केन्द्रित हो थोड़ी देर तक लेंस को उसी स्थिति रखने पर कागज जलने लगता है। इस प्रकार लेंस से कागज भी जलाया जा सकता है।

प्रश्न 3. आग के कोई पाँच उपयोग लिखो –

उत्तर – आग के उपयोग –

(1) घर में चूल्हा या अलाव जलाने के लिए

(2) लोहे के औजार बनाने के लिए

(3) मिट्टी का मटका और ईट बनाने के लिए

(4) कोयला बनाने के लिए

(5) मोमबत्ती जलाकर काजल बनाने के लिए

## पाठ - 16

## कौन मिलेगा कहाँ

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : –**

प्रश्न 1. इनमे से कौन सा जंतु पानी में नही रहता है –

(अ) मछली　　(ब) मगरमच्छ

(स) कछुआ　　(द) घोड़ा

उत्तर – (द) घोड़ा

प्रश्न 2. एसा जंतु जो हमारे सिर पर रहता है -

(अ) खटमल　　(ब) जूँ

(स) चींटी　　(द) इल्ली

उत्तर – (ब) जूँ

प्रश्न 3. छत्ता बनाने वाले कीट का नाम क्या है –

(अ) मक्खी　　(ब) मकड़ी

(स) मधुमक्खी　　(द) मछली

उत्तर – (स) मधुमक्खी

प्रश्न 4. मेढ़क जब पानी के अंदर होता है, तो किससे साँस लेता है –

(अ) खुली हवा से　　(ब) पानी से

(स) नाक से　　(द) चमड़ी से

उत्तर – (द) चमड़ी से

**अति लघुत्तरीय प्रश्न : –**

प्रश्न 1. दो रेंगने वाले जन्तुओ का नाम लिखो ?

उत्तर – (1) साँप (2) छिपकली।

प्रश्न 2. मछली साँस लेने के लिए अपने कौन – से अंग का उपयोग करती है ?

उत्तर – गलफड़ो का।

प्रश्न 3. मधुमक्खियों से हमे क्या – क्या प्राप्त होता है ?

उत्तर – शहद, मोम।

प्रश्न 4. दिया गया चित्र किसका है ?



उत्तर – केंचुआ।

**लघुत्तरीय प्रश्न : –**

प्रश्न 1. झुंड में रहने वाले किन्ही तीन जंतुओं के नाम लिखों।

उत्तर – (1) मधुमक्खी (2) दतैया (3) दीमक

प्रश्न 2. तितली फूलों के रस कैसे चूसती है ?

उत्तर – तितलियाँ फूलों का रस चूसती है। फूलों के रस चूसने के लिए तितली की सूंड होती है। यह कुंडलीनुमा होती है। जब तितली रस चूसती है, तो वह लंबी हो जाती है।

प्रश्न 3. पानी के अंदर रहने वाले जंतु अपना भोजन कहाँ से प्राप्त करते है ?

उत्तर – पानी में रहने वाले जंतु अपना भोजन पानी में पाये जाने वाले कीड़े मकोड़ो, घास, पौधो आदि से प्राप्त करते है।

प्रश्न 4. निम्न तालिका को किन्ही तीन जंतुओं के आधार पर पूर्ण करो –

| क्रमांक | जंतु का नाम | कहाँ रहता है | भोजन |
|---|---|---|---|
| 1. | | | |
| 2. | | | |
| 3. | | | |

उत्तर –

| क्रमांक | जंतु का नाम | कहाँ रहता है | भोजन |
|---|---|---|---|
| 1. | गाय | कोठा | घास पत्ते |
| 2. | केंचुआ | मिट्टी के अंदर | मिट्टी |
| 3. | मछली | पानी | कीड़े मकौड़े |

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. निम्न के नाम लिखो: -

1. बिल में रहने वाला जंतु - ___________
2. रेंगने वाला जंतु - ___________
3. छत्ता बनाने वाला जंतु - ___________
4. फूलों पर मंडराने वाला जंतु - ___________
5. जंगल में रहने वाला जंतु - ___________

उत्तर – (1) साँप, चूहाँ (2) साँप, छिपकली (3) मधुमक्खी (4) तितली, भौरा

(5) शेर, चीता

प्रश्न 2. बतख पानी में डुबकी लगाती है, फिर भी उसके पंख गिले नही होते – क्यों?

उत्तर – बतख की पूंछ के आस – पास तेल जैसी चीज निकलती रहती है। जिसे यह चोच की मदद से पंखो पर तेल जैसे चीज लगती रहती है। जिससे पंखो पर पानी न टिके। अतः जब वह डुबकी लगाती है, तो इस तेल जैसी चीज के कारण पंख गिले नही होते।

प्रश्न 3. पानी में रहने वाले कोई दो जन्तुओं के चित्र बनाइये –

उत्तर –



मेंढक



मछली

प्रश्न 4. पानी में रहने वाले, और जमीन में रहने वाले किन्ही पाँच जन्तुओ के नाम तालिका के रूप में लिखो।

उत्तर -

| क्र. | पानी में रहने वाले जंतु | जमीन में रहने वाले जंतु |
|---|---|---|
| 1 | मछली | गाय |
| 2 | मेढ़क | मेढ़क |
| 3 | कछुआ | कछुआ |
| 4 | मगरमच्छ | बिल्ली |
| 5 | जोंक | कुत्ता |

## पाठ - 17

## आजाद ने नक्शा बनाया

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

खाली स्थान भरो -

1. नक्शे में सबसे ऊपर _________ दिशा होती है ।

2. दक्षिण दिशा नक्शे में __________ होता है ।

3. नक्शे में किसी स्थान को दर्शाने के लिए __________ का उपयोग करते है ।

4. सूर्य ___________ दिशा में उगता है ।

5. ___________ उत्तर दिशा से निकलता है ।

उत्तर - 1. उत्तर 2. नीचे 3. संकेत 4. पूर्व 5. ध्रुवतारा


**लघुत्तरीय प्रश्न : –**

प्रश्न 1. निम्न के संकेत बनाओ मंदिर, घर, पेड़, कुआं, नदी ?

उत्तर – मंदिर - 

पेड़ - 


घर - 

कुंआ - 


नदी - 

प्रश्न 2. एक नक्शा बनाओ जिसके उत्तर में खेत, पश्चिम में नदी, मध्य में सड़क, सड़क के पूर्व में घर तथा दक्षिण में रेल लाइन हो ?


उत्तर –



प्रश्न 3. निम्न वर्ग पहेली को संकेत के आधार पर पूर्ण करो –




1. 


2. बांये से दाये 

2. ऊपर से नीचे 

3. 

4. 

उत्तर -




प्रश्न 4. अपनी शाला के आसपास का नक्शा बनाओ।

## 18

## रामगढ़ की गुफाये

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न –**

प्रश्न 1. रामगढ़ क्यों प्रसिद्ध है –

(अ) मंदिरों के लिए (ब) मेले के लिए

(स) गुफाओं के लिए (द) चिड़ियाँ घर के लिए

उत्तर – (स) गुफाओं के लिए

प्रश्न 2. रामगढ़ में स्थित सुरंग का क्या नाम है –

(अ) सीताकुंड (ब) हाथीपोल

(स) जोगीमारा (द) रामगढ़

उत्तर – (ब) हाथीपोल

प्रश्न 3. सीताबेंगरा क्या है –

(अ) पाठशाला (ब) मधुशाला

(स) गौशाला (द) नाट्यशाला

उत्तर – (द) नाट्यशाला

प्रश्न 4.



चित्र में दिया गया सिक्का कितने का सिक्का है –

(अ) 10 पैसे (ब) 20 पैसे

(स) 25 पैसे (द) 50 पैसे

उत्तर – (स) 25 पैसे

**अति लघुउत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. रामगढ़ क्यों प्रसिद्ध है ?

उत्तर – रामगढ़ दर्शनीय स्थल के लिए प्रसिद्ध है।

प्रश्न 2. जोगीमारा की गुफा में कौन सी लिपि का उपयोग किया जाता है ?

उत्तर – ब्राह्मी लिपि ।

प्रश्न 3. रामगढ़ कहाँ स्थित है ?

उतर – रामगढ़ अंबिकापुर के पास स्थित है ।

**लघुत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. हाथीपोल क्या है, और इसका नाम हाथीपोल क्यों पड़ा ?

उत्तर – हाथीपोल रामगढ़ में स्थित एक सुरंग है। इस सुरंग का आकार इतना बड़ा है, कि इसमे से एक हाथी निकल सकता है। इसलिए इसको हाथी पोल कहते है।

प्रश्न 2. रामगढ़ की एक नाट्य शाला के बारे में बताओं ?

उत्तर – रामगढ़ की एक नाट्य शाला का नाम सीताबेंगरा है। यहाँ पुराने समय में नाटक, और नृत्य किये जाते थे। यह एक बड़े पत्थर को काटकर बनाई गई थी।

प्रश्न 3. ब्राह्मी लिपि क्या है, और इसका उपयोग किसके लिए किया जाता था ?

उत्तर - ब्राह्मी लिपि लिखने की एक शैली है। जिसे पत्थर पर उकेरा जाता था। इस लिपि का उपयोग पुराने जमाने में अपनी बात बताने या सूचना देने के लिए किया जाता था।

प्रश्न 4. ऐतिहासिक इमारतों से हमे क्या सीखने को मिलता है ?

उत्तर - ऐतिहासिक इमारतों से पुराने समय की चित्रकारी, शैली, रहन सहन, घरों की बनावट, उपयोग किये जाने वाले वस्तुओं की वर्तमान के साथ तुलना करना सीखने को मिलता है।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. पुराने घर व नये घर में अंतर लिखिए।

उत्तर –

| **पुराना घर** | **नया घर** |
|---|---|
| 1. यह मिट्टी से बने होते थे। | 1. नया घर ईट सीमेंट से बना होता है। |
| 2. कच्चे मकान होते थे। | 2. पक्के मकान होते है। |
| 3. अधिकांश घर झोपड़ी वाले होते थे। | 3. अधिकांश घर छत वाले होते है। |

प्रश्न 2. निम्न तालिका को पूरा करो –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्राह्मी लिपि | - | ____________ |
| 2. | ___________ | - | सीताबेंगरा |
| 3. | हाथीपोल | - | ____________ |
| 4. | पानी का कुंड | - | ____________ |
| 5. | ___________ | - | अंबिकापुर |

उत्तर –

| | | |
|---|---|---|
| 1. ब्राह्म लिपि | - | जोगीमारा गुफा |
| 2. नाट्यशाला | - | सीताबेंगरा |
| 3. हाथीपोल | - | सुरंग |
| 4. पानी का कुंड | - | सीता कुंड |
| 5. रामगढ़ | - | अंबिकापुर |

प्रश्न 3. रामगढ़ के दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए –

उत्तर – रामगढ़ के दर्शनीय स्थल –

(1) हाथीपोल सुरंग

(2) पानी का कुंड सीता कुंड

(3) सीताबेंगरा की नाट्यशाला

(4) जोगीमारा गुफा

प्रश्न 3. अपने आस पास किसी एतिहासिक स्थल का वर्णन 200 शब्दों में करो –

## 19

## कपड़े कैसे – कैसे

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

प्रश्न 1. पुलिस की वर्दी का रंग कैसा होता है –

(अ) लाल (ब) खाकी

(स) नीला (द) पिला

उत्तर – (ब) खाकी

प्रश्न 2. कपड़े बनाने के लिए रेशे हमे कहाँ से प्राप्त होती है –

(अ) जंतुओं से (ब) पौधो से

(स) मिट्टी से (द) 'अ' और 'ब' दोनों

उत्तर - (द) 'अ' और 'ब' दोनों

प्रश्न 3. कोसा किससे प्राप्त होता है –

(अ) पौधो से (ब) मशीनों से

(स) कीड़े से (द) बादलों से

उत्तर – (स) कीड़े से

प्रश्न 4.



उपरोक्त चित्र में कौन से राज्य से संबंधित वेशभूषा है –

(अ) छत्तीसगढ़ (ब) केरल

(स) महाराष्ट्र (द) कश्मीर

उत्तर – (अ) छत्तीसगढ़

**अति लघुत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. डाकिया का क्या काम होता है ?

उत्तर – डाकिया का काम चिठ्ठी लाने का होता है।

प्रश्न 2. उस पौधे का नाम बताओं जिससे कपड़े बनाने का रेशा मिलता है ?

उत्तर – कपास।

प्रश्न 3. गर्मी के दिनों में हमे कैसे कपड़े पहनने चाहिए ?

उत्तर – गर्मी के दिनों में हमे सूती कपड़े पहनने चाहिए।

प्रश्न 4. हमें ऊन कहाँ – कहाँ से प्राप्त होता है ?

उत्तर – हमें ऊन भेड़, बकरी, यॉक से प्राप्त होता है।

**लघुत्तरीय प्रश्न –**

प्रश्न 1. मौसम कितने प्रकार के होते है ?

उत्तर – मौसम मुख्य रूप से तीन प्रकार के होते है –

(1) सर्दी, (2) गर्मी, (3) बरसात

प्रश्न 2. निम्न रेसे कहाँ – कहाँ से मिलते है। तालिका में भरों –

| कपड़ा | रेशा कहाँ से |
|---|---|
| | |
| | |
| | |

उत्तर -

| कपड़ा | रेशा कहाँ से |
|---|---|
| सूती | कपास के पौधे से |
| रेशमी | कीड़े (कोसे) से |
| बोरी (टाट) | जुट ,पटसन से |

प्रश्न 3. किन्ही 3 कामगार व्यक्ति के नाम तथा उनके कपड़े के रंगो को लिखों –

| उत्तर – | **कामगार व्यक्ति** | **कपड़ो का रंग** |
|---|---|---|
| 1. | पुलिस | खाकी |
| 2. | नर्स | हरा, सफेद रंग |
| 3. | डाँक्टर | सफेद कोट |

प्रश्न 4. कपड़े हमारे लिए क्यों जरूरी है ? कोई तीन उपयोग लिखो –

उत्तर – कपड़े हमारे लिए जरूरी है, क्योंकि –

(1) वह हमारी धूप, पानी व ठंड से सुरक्षा करते है।

(2) विशेष पहचान के लिए जैसे पुलिस, नर्स, डाँक्टर आदि।

(3) सुंदर दिखने के लिए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : –**

प्रश्न 1. निम्न को उनकेप्राप्ति स्थल एवं विशेषता के आधार पर भरो।

| (क) | | (ख) |
|---|---|---|
| (1) ऊन | - | ______________ |
| (2) कोसा | - | ______________ |
| (3) बुनकर | - | ______________ |

(4) दर्जी - ____________

(5) सूती कपड़े - ____________

उत्तर – (1) भेड़ के बाल

(2) कोकून


(3) कपड़े बुनने वाला

(4) कपड़े सिलने वाला

(5) गर्मी के मौसम में

प्रश्न 2. कोसे के कीड़े का जीवन चक्र को चित्र सहित वर्णन करो।

उत्तर – कोसा एक कीड़े से प्राप्त होने वाला रेशा है। जो कोसे के कीड़े से प्राप्त होता है। इन कीड़ो के अंडो से इल्लियाँ निकलती है। इल्लियाँ पेड़ो के पत्ते खाकर बड़ी होती है। ये इल्लियाँ अपने चारों ओर रेशम का एक खोल बनाती है। जिसे कोकून या कोसा कहते है। कोकून से कुछ दिनों बाद कीड़े बाहर निकल जाते है। और पुनः अण्डे देती है। यह क्रिया चक्र के रूप में चलती रहती है।




**कोसे के कीड़े का जीवन चक्र**

प्रश्न 3.



उपरोक्त चित्र किस मौसम से संबंधित है। इस मौसम में पहने जाने वाले कपड़े के बारे में बताओं।

उत्तर – दिया गया चित्र ठंड के मौसम से संबंधित है। ठंड के मौसम में हम स्वेटर, शाल, ऊनी कपड़े, मोजा जूता, मफलर, कनटोप, रजाई, कंबल, ब्लांकिट आदि का उपयोग करते है।

प्रश्न 4. दी गई वर्ग पहेली में कपड़ो के नाम व मौसम के 10 शब्द छिपे हुए है, ढूंढकर लिखों

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रे | स्क | ब | ग | ब्ला | को |
| श | र्ट | क्रा | र्मी | उ | सा |
| म | ज | क | मी | ज | बी |
| पै | न्ट | पा | च | घ | ज |
| ढ | न | स | र्दी | रा | ग |
| ब | र | सा | त | ल | म |

उत्तर – (1) गर्मी (2) सर्दी (3) बरसात

(4) शर्ट (5) स्कर्ट (6) रेशम

(7) कोसा (8) पेन्ट (9) ब्लाउज

(10) फ्रॉक (11) कमीज

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रे | स्क | ब | ग | ब्ला | को |
| श | र्ट | क्रा | र्मी | उ | सा |
| म | ज | क | मी | ज | बी |
| पै | न्ट | पा | च | घ | ज |
| ढ | न | स | र्दी | रा | ग |
| ब | र | सा | त | ल | म |

## पाठ – 20

## तरह – तरह के घर

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न : -**

**खाली स्थान भरो : -**

1. बर्फ के घर को ____________ कहते हैं।

2. बाँस के घर ___________ और _________ में बने होते है।

3. शहरों में जगह बहुत सीमित होती है। वहाँ घरों के ऊपर घर बनाये जाते है। इन्हें _______ कहते हैं।

उत्तर - 1. इग्लू 2. असम, मेघालय 3. फ्लैट्स

**लघुउत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. घर कितने प्रकार के होते है।

उत्तर - दो प्रकार – कच्चे घर और पक्के घर

प्रश्न 2. कच्चे व पक्के घरों की विशेषता बताओ।

उत्तर - कच्चे घर मिट्टी, घास-फूस लकड़ी आदि से बनाये जाते है जबकि पक्के घर ईट, सीमेंट, पत्थर व लोहे से बनाए जाते हैं।

प्रश्न 3. शहरों में घरों के ऊपर घर क्यों बनाये जाते हैं।

उत्तर - शहरों में जगह बहुत सीमित होती है और बहुत से लोगों को रहना होता है, इसलिये यहाँ 15-20 मंजिलों की इमारतें बनी होती है। ये इमारतें घरों के ऊपर घर की तरह बनी होती है।

प्रश्न 4. बर्फ के घर को क्या कहते है ? इसका चित्र बनाओ।

उत्तर - बर्फ के घर को इग्लू कहते है।



**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न : -**

प्रश्न 1. बाँस के घर किन क्षेत्रों में बनाये जाते है ? क्यों ?

उत्तर - बॉस के घर उन इलाकों में बनाये जाते है जहाँ बहुत अधिक बारिश होती है और जमीन पर काफ़ी पानी और कीचड़ भर जाता है। ये घर 10-12 फिट की ऊँचाई पर बाँस के मजबूत खंभों पर बनाये जाते है। बाँस अधिक समय तक पानी में रहने पर भी सड़ता-गलता नहीं है। हमारे देश में ऐसे घर असम व मेघालय में बनाये जाते है, क्योंकि यहाँ साल भर बहुत बारिश होती है और घने जंगल पाये जाते है।

प्रश्न 2. फ्लैट्स क्या होते हैं ? चित्र सहित वर्णन करो।

उत्तर - बड़े-बड़े शहरों में जगह सीमित होती है और बहुत से लोगों को रहना होता है। इसलिये वहाँ घरों के ऊपर कई मंजिलों तक घर बनाये जाते है। इन्हें फ्लैट्स कहाँ जाता है।



प्रश्न 3. बिल्डिंग बनाने के लिये किन-किन चीजों का उपयोग होता है। अपने आसपास बन रहे बिल्डिंग के आधार पर लिखो।

उत्तर - बिल्डिंग बनाने के लिये ईंट, पत्थर, सीमेंट, छड़, रेत, गिट्टी, मिट्टी, पानी, मशीन, मजदूर (मिस्त्री) आदि की जरूरत पडती है।

प्रश्न 4. निम्न में से कोई दो चित्र बनाइये।

1. कच्चे घर
2. इग्लू
3. फ्लैट्स
4. बाँस के घर

## पाठ- 21

## चित्रों की बात

**प्रश्न (1) वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-**

प्र (1) खाली स्थान भरो:-

(1) रंगोली -------------- के अवसर पर बनायी जाती हैं ।

(2) चित्रों को रंगने के लिए आदिमानव ------------- का उपयोग करते थे ।

(3) आदिमानव चित्रों के माध्यम से ----------------- करते थे ।

(4) छत्तीसगढ़ में आदिमानव के चित्र रायगढ़ कि ------------------- में मिलता है।

उत्तर – (1) त्योहारों, (2) मिट्टी तथा फूलों के रंगों, (3) अपनी बात, (4) काबरा पहाड़ी ।

प्रश्न (2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) चित्रों को रंगने के लिए आदिमानव किन चीजों का उपयोग करते थे ?

उत्तर – चित्रों को रंगने के लिए आदिमानव रंगीन मिट्टी, फूलों के रंग का उपयोग करते थे ।

प्र. (2) छत्तीसगढ़ में आदि मानव के चित्र कहाँ-कहाँ मिलते है ?

उतर- छत्तीसगढ़ में आदिमानव के चित्र रायगढ़ की काबरा पहाड़ी तथा सिंघनपुर की गुफाओं में मिलते हैं ।

प्र. (3) चित्र क्यों बनाए जाते है ?


उत्तर – कुछ चित्र घरों को सजाने के लिए तथा विचारों और अनुभवों को व्यक्त करने के लिए बनाए जाते हैं ।

प्र. (4) जब कागज और पेन नहीं थे तो लोग अपनी बातो को कैसे कहते थे ?

उत्तर- जब कागज़ और पेन नहीं थे, तब आदिमानव चित्र बनाते थे और चित्रों के माध्यम से अपनी बात कहाँ करते थे । वे पत्थरों और चट्टानों व गुफाओं कि दीवारों पर चित्र बनाते थे।

प्र.	(5) नीचे बने चित्रों को देखो और बताओ इसमें क्या हो रहा है ?





उत्तर – पहले चित्र में लड़की बॉल खेल रही है ।

दूसरे चित्र में लड़की ठेले को चला रही है ।

## पाठ – 22

## आवाज

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न -**

1. म्याऊँ- म्याऊँ किसकी आवाज है –

(अ) कुत्ता (ब) मेंढक

(स) तोता (द) बिल्ली

उत्तर - (द) बिल्ली

2. रात के अंधेरे में तुम्हे मच्छर का पता कैसे लगता है –

(अ) उसको देखकर (ब) पकड़कर

(स) आवाज सुनकर (द) इनमें से कोई नहीं

उत्तर - (स) आवाज सुनकर

3. इनमें से दहाड़ने वाला जानवर कौन-सा है –

(अ) हिरण (ब) भालू

(स) शेर (द) चीता

उत्तर - (स) शेर

4. स्कुल के घंटी की आवाज कैसी होती है –

(अ) ठप-ठप (ब) टन-टन

(स) टप-टप (द) ढक-ढक

उत्तर - (ब) टन-टन

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न –**

1. मीठी आवाज निकालने वाले दो पक्षियों या जंतुओं के नाम बताओ -

उत्तर- कोयल, मैना

2. बादल के गरजने व कोयल की आवाज कैसी होती है –

उत्तर- बादल का गरजना – गड़-गड़

कोयल - कुहू-कुहू

**लघुत्तरीय प्रश्न –**

1. निम्न तालिका को पूरा करो -

| | कार्य | आवाज |
|---|---|---|
| .1 | पानी की बूंद का टपकना | |
| .2 | भौरे की आवाज | |
| .3 | हवा चलना | |

उत्तर -

| | कार्य | आवाज |
|---|---|---|
| .1 | पानी की बूंद का टपकना | टपटप- |
| .2 | भौरे की आवाज | भिन्-भिन् |
| .3 | हवा चलना | सर्र सर्र |

2. निम्न आवाज कौन- से जानवर की है -

(1) चिंघाड़ना -

(2) ढेंचू ढेंचू -

(3) गुटूर गू -

उत्तर - (1) हाथी

(2) गधा

(3) कबूतर

3. किन्ही तीन वाघ यंत्रो के नाम लिखो –

उत्तर - (1) ढोलक

(2) हारमोनियम

(3) बांसुरी

4. एक वाघ यंत्र का चित्र बनाओ व उसका नाम लिखो–

उत्तर -



तबला

## अध्याय – 23

## पालतू जानवर

प्रश्न (1) सही विकल्प चुन कर लिखिए :-

प्र.(1) निम्न में से  किसका दूध हम पीने के लिए उपयोग नहीं करते है ?

(1) भैंस (2) गाय

(3) घोड़ी (4) बकरी

उत्तर – (3) घोड़ी

प्र. (2) निम्न में से कौन – सा जंतु मांसाहारी नहीं है ?

(1) शेर (2) घोड़ा

(3) कुत्ता (4) बिल्ली

उत्तर- (2) घोड़ा

प्र. (3) ऐसा कौन-सा जानवर है जो बहुत पहले हुआ करते थे, पर अब धरती पर नहीं है ?

(1) ब्लू व्हेल (2) डायनासोर

(3) शार्क (4) जिराफ

उत्तर – (2) डायनासोर

प्र. (4) निम्न में से किस जानवर / जीव के कान आप बाहर से नहीं देख सकते ?

(1) गाय (2) हाथी

(3) छिपकली (4) बिल्ली

उत्तर – (3) छिपकली

प्रश्न (2) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) उन पालतू जानवर के नाम लिखिए जो जुगाली करते हैं ?

उत्तर – गाय, भैंस, घोड़ा, आदि जानवर जुगाली करते है ।

प्र. (2) कुछ जानवर के कान बाहर से दिखाई देते है कुछ के नहीं ऐसा क्यों ?

उत्तर – जिन जानवरों के कान बाहर दिखाई देते हैं उनके शरीर पर बाल होते है वे बच्चे देते हैं । जिनके कान बाहर दिखाई नहीं देते उनके शरीर पर बाल नहीं होते हैं वे अंडे देते हैं ।

प्र. (3) तुम अपने पालतू जानवर की देखभाल कैसे करते हो ?

उत्तर – हम पालतू जानवर कि देखभाल के लिए उनके रहने के लिए शेड बनाते हैं, उनके खाने का प्रबंध करते हैं ।

प्र. (4) दो अंडे देने वाले जंतु का नाम व दो बच्चे देने वाले जंतु का नाम लिखिए ?

उत्तर – अंडे देने वाले जंतु – (1) छिपकली (2) चिड़िया

दो बच्चे देने वाले जंतु – (1) गाय (2) घोड़ा

प्रश्न (3) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) पालतू जानवर को होने वाली बिमारियों के बारे में लिखिए ?

उत्तर – पालतू जानवरों को होने वाली बीमारियाँ – गलघोटू, खुरहाचपका (माता), भंवरी, मुँहचपका आदि।

प्र. (2) टाँगे में जुटने वाले घोड़े के बारे में पता करो कि उनके पैरों में नाल क्यों ठोकते हैं ?

उत्तर – घोड़े के पैर के फिसलन को कम करने के लिए उसके पैर में नाल ठोकते हैं जिससे वह तेजी से दौड़ सके।

प्र. (3) नीचे कुछ जानवरों की सूची दी गयी है । उनके सामने उन जानवरों के नाम लिखिए –

खेती के काम में –

बोझ ढोने में –

सवारी ढोने में –

उत्तर- 1. बैल 2. गधा 3. घोड़ा, ऊँट

प्र. (4) जानवर हमारे मित्र होते है कैसे? बताईये ?

उत्तर – जानवर हमारी हर तरह से सहायता करते हैं । जैसे- गाय, बैल खेतो में काम आते हैं । गधा बोझ उठाने के काम आता है। घोड़ा सवारी ढोने के काम आता है । इसलिए पशु हमारे मित्र होते हैं।

प्रश्न (4) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) घोड़ा इंसानों कि मदद कैसे करता है तथा उसका भोजन क्या है ?

उत्तर – घोड़ा एक स्वामीभक्त पशु है। यह एक शाकाहारी पशु है। यह हरी-हरी घास, पेड़ की पत्तियाँ आदि खाता है। यह बोझ ढोने, सवारी लाने ले जाने के काम आता है। घोड़ा अपने मालिक की खूब सेवा करता है।

प्र. (2) पालतू जानवर क्या खाते है नीचे तालिका में लिखो :-

| क्रमांक | पालतू जानवर | भोजन |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

उत्तर –

| क्रमांक | पालतू जानवर | भोजन |
|---|---|---|
| 1. | गाय, भैंस | घास, भूसा, चारा ,दाना |
| 2. | बकरी | हरी पत्तियाँ |
| 3. | मुर्गा | दाना |
| 4. | घोड़ा | हरी पत्तियाँ |
| 5. | कुत्ता | भोजन, मांस |

प्र. (3) हमारे आस-पास पाए जाने वाले जानवरों से हमें क्या-क्या चीजें मिलती है इनको नीचे दी गयी तालिका में भरों :-

| **क्रमांक** | **जानवर का नाम** | **मिलने वाली चीजें** |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |
| 3. | | |
| 4. | | |
| 5. | | |

उत्तर –

| **क्रमांक** | **जानवर का नाम** | **मिलने वाली चीजें** |
|---|---|---|
| 1. | बकरी | दूध, मांस |
| 2. | गाय, भैंस | दूध, मांस |
| 3. | मुर्गी | अंडे, मांस |
| 4. | भेड़ | ऊन, मांस |
| 5. | कबूतर | अंडे, मांस |

प्र. (4) किन्ही दो जानवरों के रहन सहन, भोजन और व्यवहार के बारे में अपने शब्दों में लिखिए ?

उत्तर – कुत्ता – कुत्ता अपने स्वामी का भक्त होता है। कुत्ता रात में घर की रखवाली करता है। इसके रहने की कोई विशेष जगह नहीं होती है। यह अपने मालिक के घर में किसी भी स्थान में रह लेता है और बचा भोजन खा लेता है।

हाथी – हाथी एक बहुत ही बुद्धिमान प्राणी है। यह एक उपयोगी पशु है। यह एक शाकाहारी जानवर है। यह पेड़ कि पत्तियाँ, अन्न आदि खाता है। राजा लोग सवारी और युद्ध के लिए इसका उपयोग करते थे । हाथी अपनी अनोखी शारीरिक बनावट के कारण बच्चों का ध्यान सहज ही अपनी ओर खींचता है।

## पाठ – 24

## नक्शा और माप

**प्रश्न (1) सही उत्तर चुन कर लिखिए :-**

प्र. (1) आपने देखा है कि सड़क मार्ग पर स्कूल के सामने बोर्ड लगा होता है, यह किसका संकेत होता है ?

(1) धीरे चले, आगे स्कूल है

(2) स्कूल नहीं है

(3) तेज चले

(4) बातें करें

उत्तर – (1) धीरे चले, आगे स्कूल है

प्र. (2) नक्शा मदद करता है ?

(1) जानवर पालने में

(2) खाना बनाने में

(3) नए जगह को खोजने में

(4) सिनेमा देखने में

उत्तर – (3) नए जगह को खोजने में

प्र. (3) नक़्शे के सम्बन्ध में इनमें से कौन-सा अलग है ?

(1) पैमाना

(2) दिशा

(3) संकेत

(4) चित्र

उत्तर – (4) चित्र

प्र.(4) पैमाना क्या होता है ?

(1) मैदान को बताना

(2) पहाड़ को बताना

(3) नदी को बताना

(4) बड़ी दूरी को छोटी दूरी में बताना

उत्तर – (4) बड़ी दूरी को छोटी दूरी में बताना

प्रश्न (2) निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

प्र. (1) पैमाना किसे कहते है ?

उत्तर – दो जगहों के बीच की वास्तविक दूरी को जिस अनुपात में छोटा करके नक़्शे में दिखाते हैं, उसे पैमाना कहते है ।

प्र. (2) शाला के एक कक्षा का नक्शा बनाने के लिए उसमे कौन-कौन से संकेत बनाए जाते हैं?


उत्तर – कक्षा का संकेत बनाने के लिए दरवाजा, खिड़की, आलमारी, श्यामपट्ट, सड़क, शौचालय आदि संकेत बनाए जाते है ।

प्र.(3) नक्शा किसे कहते है ?

उत्तर – पृथ्वी के धरातल या उसके किसी भाग को किसी चपटी या कागज पर पैमाने के आधार पर छोटे रूप में दर्शाया जाता है, उसे नक्शा कहते है ।

प्र. (4) दीवार पर टंगे हुए नक़्शे में पूर्व दिशा किस ओर होगी ?

उत्तर – नक़्शे में उत्तर दिशा हमेशा ऊपर कि ओर तथा दक्षिण दिशा नीचे की ओर होती है । दाँयी ओर पूर्व दिशा तथा बांयी ओर पश्चिम दिशा होती है । इसलिए दीवार पर टंगे हुए नक़्शे में पूर्व दिशा दाँयी ओर होगी ।




प्र. (5) दिशा पता करने के कौन-कौन से तरीके हैं ?

उत्तर – दिशा पता करने के निम्न तरीके हैं:-

(1) उगते सूरज से दिशा का पता चल जाता है ।

(2) रात के समय ध्रुव तारा की मदद से दिशा पता लगाया जाता है, क्योकि ध्रुव तारा हमेशा उत्तर की ओर ही चमकता है ।

(3) दिकसूचक यंत्र की चुम्बकीय सुई हमेशा उत्तर दिशा में दिखती है ।

## पाठ – 25

## फुटबॉल

**प्रश्न (1) सही विकल्प चुनकर लिखिए :-**

प्र. (1) फुटबॉल में रेफरी का क्या काम होता है ?

(1) गोल करना

(2) खेलना

(3) निर्णय करना

(4) प्रोत्साहित करना

उत्तर – (3) निर्णय करना

प्र. (2) फुटबॉल के खेल में कितने गोलकीपर होते है ?

(1) एक

(2) दो

(3) तीन

(4) चार

उत्तर – (2) दो

प्र. (3) फुटबॉल के खेल में जब बॉल जाली से टकराती है तो क्या होता है ?

(1) आऊट

(2) गोल

(3) वाईट

(4) फाउल

उत्तर – (2) गोल

प्र. (4) किस खेल में गेंद को पैरों से मारते है ?

(1) क्रिकेट

(2) व्हालीवाल

(3) फुटबॉल

(4) हॉकी

उत्तर – (3) फुटबॉल

**प्रश्न (2) निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

प्र. (1) फुटबॉल के खेल में शरीर के किस अंग का उपयोग सबसे अधिक होता है ?

उत्तर – फुटबॉल के खेल में शरीर का हर अंग, मांसपेशियां आदि सुचारू रूप से कार्य करते है तथा पैरों का उपयोग सबसे अधिक होता है ।

प्र. (2) फुटबॉल के खेल में टीम के कितने खिलाड़ी खेलते है ?

उत्तर – फुटबॉल के खेल में 11 खिलाड़ी होते है । इनमे एक गोल कीपर होता है । उसका काम गेंद को जाल में जाने से रोकना होता है । एक रैफरी होता है , जो सीटी बजाता है ।

प्र. (3) मंसाराम ने कमल की पीठ को थप्पड़ मारा क्यों ?

उत्तर – कमल खेल को समझ नहीं पा रहा था और अपनी टीम के हारने पर ताली बजा रहा था । इसलिए मंसाराम ने कमल की पीठ को थप्पड़ मारा ।

प्र. (4) ऐसा कौन-कौन सा खेल है जो किन्ही ख़ास अवसरों पर खेले जाते है उनकी सूची बनाओ ।

उत्तर – निम्न खेल है जो हमारे यहाँ ख़ास अवसरों पर खेले जाते है:-

(1) जन्माष्टमी – मटकी फोड़

(2) नागपंचमी में – कुश्ती

(3) हरेली अमावश्य में – फुगडी, गेड़ी, खो-खो

(4) दीपावली में – ताश, पासा आदि ।

---ooo---

# बढ़ते कदम
# आकलन से शैक्षिक गुणवत्ता की ओर...

समरूपता, वैधता, विश्वसनीयता





